RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

# चेतना मंच

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 89 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 21 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# दिल्ली हाईकोर्ट के जज के बंगले में मिली नगदी, तबादले की सिफारिश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ एक रिपोर्ट आने के बाद उन्हें उनके मूल उच्च न्यायालय इलाहाबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार को उनके स्थानांतरण की सिफारिशें कीं। न्यायमूर्ति वर्मा ने अक्तूबर 2021 में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

सूत्रों के हवाले से दी गई एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले हफ्ते होली की छुट्टियों के दौरान उनके सरकारी बंगले में बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी मिलने के बाद यह फैसला लिया गया है। यह धनराशि उस समय मिली जब इमारत में आग लग गई और न्यायाधीश के परिवार के सदस्यों ने- जो उस समय शहर में नहीं थे- आपातकालीन सेवाओं को फोन किया। उन्होंने फिर पुलिस को बुलाया।



आधिकारिक माध्यमों से मामले की जानकारी मिलने पर मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति वर्मा को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। न्यायमूर्ति वर्मा ने नकदी की बरामदगी पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सूत्रों ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश ने नकदी मिलने की घटना को बहुत गंभीरता से लिया और पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति वर्मा के स्थानांतरण पर सर्वसम्मति से सहमति जताई।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके खिलाफ प्रतिकूल रिपोर्ट के बाद उनके पैतृक उच्च न्यायालय इलाहाबाद में स्थानांतरित करने की सिफारिश पर वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार का मुद्दा बहुत गंभीर है। यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे देश के वरिष्ठ परिषदों और वकीलों ने पहली बार व्यक्त किया है। यह वर्षों से चल रहा है।

# आज दुनिया में भारत के प्रति सम्मान का भाव : मुख्यमंत्री

## योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दरबार में लगाई हाजिरी



**अयोध्या ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज श्री अयोध्या धाम के दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री ने यहां पहुंचने पर हनुमानगढ़ी के दर्शन किए और फिर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। मुख्यमंत्री ने यहां मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत अयोध्या मंडल के उद्यमियों को ऋण के चेक भी बांटे। अयोध्या लिटरेचर फेस्टिवल के शुभारंभ अवसर पर आज यहां स्थित राज सदन पैलेस में आयोजित 'Timeless Ayodhya: Literature & Arts Festival' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में नए नेतृत्व के उदय के साथ ही अब दुनिया नये भारत की बात करने लगी है। अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है। ये सिर्फ एक दशक पहले की ही बात है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 'आप' पार्टी में बड़ा उलटफेर

# सौरभ भारद्वाज को दिल्ली की कमान सिसोदिया बने पंजाब के प्रभारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने पर फैसला लिया गया। चार राज्यों में प्रभारी बनाने पर सहमति हुई। गुजरात में गोपाल राय प्रभारी, दुर्गेश पाठक सह प्रभारी, गोवा में पंकज गुप्ता प्रभारी, पंजाब में मनीष सिसोदिया प्रभारी और सतेन्द्र जैन सह प्रभारी, छत्तीसगढ़ के लिए संदीप पाठक प्रभारी बनाए गए हैं। दिल्ली का अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और जम्मू कश्मीर के लिए मेहराज मलिक को जिम्मेदारी दी गई है।



सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा, चुनाव में दिल्ली की लगभग आधी आबादी ने हमें (आप) वोट दिया था।

हमें इन वोटर्स के साथ उन लोगों का भी ध्यान रखना है, जिन्होंने यह सोचकर भाजपा को वोट दिया था कि हमें 2500 रुपये मिलेंगे और गैस सिलेंडर मिलेगा। हम पार्टी को मजबूत करेंगे और मेरा मानना है कि हारने के बाद संगठन का निर्माण करना सबसे आसान होता है। जो पार्टी की हार के समय भी आपके साथ रहता है, वह खरा सोना होता है।

# लोनी की घटना पर यति नरसिम्हानंद ने अन्न-जल के त्याग का किया एलान



**गाजियाबाद।** महामण्डलेश्वर यति नरसिम्हानंद ने गुरुवार को हुई लोनी की घटना पर अनशन शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि लोनी में सनातन धर्म का अपमान हुआ है और सनातन धर्म के प्राण रूपी रामायण का अपमान किया गया है। इसके विरोध में उन्होंने जल के अलावा हर चीज का त्याग कर दिया है। उनका कहना है कि सोमवार तक अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कमिश्नर के कार्यालय पर जाकर जल का भी त्याग कर देंगे। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए एक वीडियो जारी किया है।

# परिवार के सदस्यों को घर से निकालकर पीटा

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र के चौकी डीएलएफ के राजीव कॉलोनी मकान न0 215 गली नम्बर-14 में महेश (45 वर्ष) अपनी पत्नी पूनम व अपने परिवार के साथ रहते हैं। किसी बात पर एक समुदाय के लोगों ने उनके घर में घुसकर पूरे परिवार को घर से बाहर लाकर जमकर मारपीट की। अपने मम्मी-पापा को बचाने आये भाई-बहन को भी नही छोड़ा और गली में गिराकर पिटाई की।



पीड़िता ने लिखित शिकायत दी मगर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया हैं। बाकी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

# आटा चक्की में मिलावट का खुलासा पुलिस ने जब्त किया ट्रक

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** थाना वेव सिटी क्षेत्र के अंतर्गत डासना बड़े बाजार में संचालित 'लाला विपिन आटा चक्की' पर मिलावटखोरी का बड़ा मामला सामने आया है। अधिवक्ता सादिक अली द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में चक्की को सील कर दिया गया, जबकि चक्की संचालक मौके से फरार हो गया।



शिकायतकर्ता सादिक अली ने आरोप लगाया कि लाला विपिन आटा चक्की में गेहूं पिसाई के दौरान भारी मिलावट की जाती है। इसमें राशन के चावल, खड़िया और चौक जैसी अशुद्ध चीजों को मिलाने की बात सामने आई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने सुबह एक ट्रक को देखा, जिसमें राशन का चावल भरा था और वह लाला विपिन आटा चक्की पर पहुंचा था। इसके बाद एक और टाटा 407 गाड़ी वहां पहुंची, जिससे मिलावट की संभावना (शेष पृष्ठ-3 पर)

# महंगी गाड़ियों के टायर चोरी करने वाले गैंग से मुठभेड़



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के थाना सेक्टर-39 पुलिस और महंगी गाड़ियों के टायर चोरी करने वाले बदमाशों के गैंग के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके दो अन्य साथियों को पुलिस ने कॉम्बिग के दौरान गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों के कब्जे से चोरी की क्रेटा गाड़ी और चोरी के टायर (शेष पृष्ठ-3 पर)

# मुकेश यादव को फिर मिली नोएडा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष की कमान

**नोएडा (चेतना मंच)।** कांग्रेस हाईकमान ने कांग्रेस पार्टट के वरिष्ठ नेता मुकेश यादव को एक बार फिर नोएडा महानगर अध्यक्ष की कमान सौंप दी है।

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव तथा संसद के बेदू गोपाल ने उत्तर प्रदेश के 133 जिला तथा महानगरों में अध्यक्षों की घोषणा की सूची जारी की है। मालूम हो कि इसके पूर्व मुकेश यादव दो बार नोएडा महानगर अध्यक्ष की कमान संभाल चुके है।

बता दें कि कांग्रेस के सांसद तथा लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी नई दिल्ली में सभी जिला अध्यक्षों तथा महानगर अध्यक्षों की एक बड़ी बैठक करने जा रहे हैं।



इसलिए जहां-जहां पर अध्यक्ष नहीं थी उन सभी जगह पर कांग्रेस से अपने अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। मुकेश यादव को पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर नोएडा के कांग्रेसियों में काफी हर्ष तथा उल्लास है। सभी कार्यकर्ता उनको बधाइयां दे रहे हैं।

# भाजपा ने कर्मठ कार्यकर्ताओं को बनाया अध्यक्ष : नवाब सिंह नागर

**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा हाईकमान ने पूरे उत्तर प्रदेश में कर्मट तथा सक्रिय अध्यक्षों की घोषणा करके वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव की जीत सुनिश्चित कर ली है। यह कहना है उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर का।

पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। इसीलिए इस पार्टी में अध्यक्षों का चयन भी सभी की रायशुमारी के बाद ही किया जाता है। नोएडा में भी भाजपा ने महेश चौहान को अध्यक्ष बनाकर स्पष्ट संदेश दिया है कि भाजपा में सक्रियता के आधार पर ही जिम्मेदारी सौंपी जाती है।



महानगर अध्यक्ष बनने के बाद महेश चौहान सेक्टर-33 स्थित नवाब सिंह नागर के घर पर गए तथा उनसे आशीर्वाद लिया। इस मौके पर महेश चौहान ने नवाब सिंह नागर को फूलों का गुलदस्ता भी भेंट किया।

# सेक्टर-59 में बने ऊंचे रैम्प तोड़ने के लिए जारी हों नोटिस

## 'नौएडा आपके द्वार' कार्यक्रम में उद्योग बंधु के प्रतिनिधियों ने उठाई मांग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत प्राधिकरण के अधिकारियों की टीम ने नोएडा के सेक्टर-59 का दौरा किया और सेक्टर से जुड़ी समस्याओं के बारे में उद्योग बुंध के प्रतिनिधियों से जानकारी ली।

'नौएडा आपके द्वार' कार्यक्रम के अन्तर्गत सैक्टर की समस्याओं के निराकरण के दृष्टिगत उद्योग बन्धु सैक्टर-59 के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान वरिष्ठ प्रबन्धक (वर्क सर्किल-5). प्रबन्धक (वर्क सर्किल-5/जन स्वा0-1), प्रबन्धक (जल खण्ड-1) तथा सम्बंधित स्टाफ उपस्थित रहे।

उद्योग बन्धु के प्रतिनिधियों द्वारा सैक्टर में नाली की साफ-सफाई ठीक कराने के लिए औद्योगिक भूखण्ड के आवंटियों को



ढकी हुई नाली को खुलवाने एवं नाली से सडक की ओर बने ऊँचे-ऊँचे रैम्प को तोड़ने के लिए आवंटियों को नोटिस जारी करने की मांग की साथ ही सैक्टर-59 में कुछ स्थानों पर बरसात के समय जलभराव होने के दृष्टिगत नाली का ढाल सैक्शन के अनुरूप ठीक कराकर आर0सी0सी0 नाली का निर्माण एवं नाली ढकने, सैक्टर-59 व 60 के मध्य सड़क पर सैक्टर-59 की ओर सडक की शेष पटरियों एवं सैक्टर-59 के अन्दर जगह-जगह सडक पटरी पर छूटे हुये स्थानों पर टाईल लगाने एवं पटरी का ढाल नाली की तरफ कराने, सैक्टर-59 के अन्दर कुछ स्थानों पर निर्मित पुरानी पुलिया सड़क से नीची हो गयी है, जिसके कारण जल निकासी नहीं हो पाती है तथा सफाई कराने में भी कठिनाई होती है। इसलिए सैक्टर-59 के अन्दर स्ट्रीट लाईट व एच0टी0 लाईन के ऊपर आ रहे पेड़ों की छंटाई व सैक्टर-59 में कुछ स्थानों पर नालियों की साफ-सफाई कराने की मांग प्राधिकरण के अधिकारियों से की गई। प्राधिकरण के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निस्तारण जल्द होगा।

# भारत की बेटी

आखिरकार नासा की बहुचर्चित अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने सहयोगी बुच विलमोर के साथ सकुशल पृथ्वी पर आ ही गई। अमेरिका ही नहीं भारत में करोड़ों लोग उनकी फिक्र कर रहे थे। दरअसल, आठ दिन के मिशन के लिये बीते साल 6 जून को स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के जरिये वे अमेरिका के स्पेस स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खामी आने के कारण उनकी वापसी नौ महीने तक टलती रही। जिसको लेकर भारत व अमेरिका समेत पूरी दुनिया में चिंता व्यक्त की जाती रही है। देर आए दुरुस्त आए, इस देरी से सुनीता दुनिया में सबसे अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली महिला का रिकॉर्ड बना चुकी हैं। कुल 286 दिन स्पेस में रहने के दौरान सुनीता ने नौ सौ घंटे का शोधकार्य किया और डेढ़ सौ वैज्ञानिक प्रयोग किए। नासा ने विश्वास जताया है कि इस लंबे अनुभव का लाभ अमेरिका के इस दशक के अंत तक मंगल पर मनुष्य को उतारने के अभियान में मिलेगा। आमतौर पर यात्रियों के अंतरिक्ष में रुकने का समय अधिकतम छह माह होता है, लेकिन जब सुनीता को नौ महीने तक रुकना पड़ा है तो चिंता उनके शरीर में पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर होती रही है। आशंका है कि अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने से उनके शरीर पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा होगा। जिसको सामान्य होने में काफी समय लग सकता है। दरअसल, अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण के न होने से भारहीनता की स्थिति पैदा होती है, जो शरीर की सामान्य प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर डालती है। इस भारहीनता की स्थिति में हड्डियों व मांसपेशियों को कमजोर होने से बचाने के लिये करीब प्रतिदिन चार घंटे का व्यायाम करना पड़ता है। इस दौरान जहां खून का प्रवाह भी बाधित होता है, वहीं भारहीनता में मांसपेशियां व हड्डियां शिथिल हो जाती हैं, साथ ही रेडिएशन का भी खतरा बढ़ जाता है। यहां तक कि आंखों पर भी बुरा असर पड़ता है। जिसके चलते सुनीता व उनके सहयात्री को गहन चिकित्सा देखरेख में रखा जा रहा है। दरअसल, भारत में सुनीता विलियम्स को लेकर जो अनुराग व चिंता दिखी, उसकी वजह उनका भारत व भारतीय संस्कारों से जुड़ा रहना ही है। अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान वे अंतरिक्ष में गीता-उपनिषद् व समोसे लेकर गई थीं। वे भारतीय खाने की मुरीद रही हैं। बहरहाल, उन्हें विश्वास था कि वे भविष्य में इतिहास रचेंगी। वर्ष 2012 में दिल्ली के नेशनल साइंस सेंटर में छात्रों से उन्होंने कहा भी था कि रिकॉर्ड टूटने के लिये ही बनते हैं। संयोग देखिए कि अपनी तीसरी अंतरिक्ष यात्रा में वे सबसे लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली पहली महिला बन गई हैं। भले ही सुनीता का जन्म अमेरिका के ओहायो प्रांत में हुआ हो लेकिन वे गुजरात के मेहसाणा स्थित पैतृक गांव झूलासन का दो बार दौरा कर चुकी हैं। अहमदाबाद से डॉक्टरी की पढ़ाई करके अमेरिका बसने वाले पिता दीपक पंडया उनकी प्रेरणा रहे हैं। उनकी मां के कैथोलिक धर्म अनुयायी होने के बावजूद पिता ने उन्हें भगवद्गीता आदि पौराणिक ग्रंथों से परिचित कराया। उन्हें सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाया। एक समय पशुओं से लगाव के कारण पशु चिकित्सक बनने का सपना देखने वाली सुनीता कालांतर अमेरिकी नौसेना में शामिल हुई। बचपन से तैराकी का शौक रखने वाली सुनीता ने कई तैराकी प्रतियोगिताएं जीती। नौसेना पायलट के दौरान उन्होंने ढाई हजार घंटे तक की उड़ान भरी और अंतरिक्ष में जाने को लक्ष्य बनाया। ह्यूस्टन स्थित जॉनसन स्पेस सेंटर ने उन्हें अंतरिक्ष में जाने का सपना दिखाया। हालांकि, नासा ने उनके पहले आवेदन को खारिज कर दिया था। उन्होंने अंतरिक्ष यात्रा के सपने को पूरा करने के लिए नासा में आवेदन किया, लेकिन नासा ने पहली बार में इसे स्वीकार नहीं किया। फिर उन्होंने अंतरिक्ष में जाने के लिए ही 1995 में इंजीनियरिंग प्रबंधन में मास्टर डिग्री हासिल की। दुबारा नासा ने उनके आवेदन को स्वीकार कर लिया। कालांतर वर्ष 2006 में उन्हें अंतरिक्ष में जाने का पहला मौका मिला। वे भारतीय मूल की दूसरी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बनीं। निस्संदेह, धरती पर लौटने के बाद वातावरण में ढलने में उन्हें कुछ वक्त लगेगा। लेकिन वह एक उत्साही फाइटर हैं और जल्दी ही सामान्य जीवन जीने लगेंगी।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( भगवान की ) माया के वशीभूत हुए मुनि ऐसे मूढ़ हो गए कि वे भगवान की अगूढ़ ( स्पष्ट ) वाणी को भी न समझ सके। ऋषिराज नारदजी तुरंत वहाँ गए जहाँ स्वयंवर की भूमि बनाई गई थी॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**निज निज आसन बैठे राजा। बहु बनाव करि सहित समाजा॥**
**मुनि मन हरष रूप अति मोरें। मोहि तजि आनहि बरिहि न भोरें॥**

राजा लोग खूब सज-धजकर समाज सहित अपने-अपने आसन पर बैठे थे। मुनि (नारद) मन ही मन प्रसन्न हो रहे थे कि मेरा रूप बड़ा सुंदर है, मुझे छोड़ कन्या भूलकर भी दूसरे को न वरेगी॥

**मुनि हित कारन कृपानिधाना। दीन्ह कुरूप न जाइ बखाना॥**
**सो चरित्र लखि काहुँ न पावा। नारद जानि सबहिं सिर नावा॥**

कृपानिधान भगवान ने मुनि के कल्याण के लिए उन्हें ऐसा कुरूप बना दिया कि जिसका वर्णन नहीं हो सकता, पर यह चरित कोई भी न जान सका। सबने उन्हें नारद ही जानकर प्रणाम किया॥

**दो0-रहे तहाँ दुइ रुद्र गन ते जानहिं सब भेउ।**
**बिप्रबेष देखत फिरहिं परम कौतुकी तेउ॥**

वहाँ शिवजी के दो गण भी थे। वे सब भेद जानते थे और ब्राह्मण का वेष बनाकर सारी लीला देखते-फिरते थे। वे भी बड़े मौजी थे॥

( क्रमशः... )

# बेहतरी की ओर बढ़ रहे भारत-चीन संबंध

भारत और चीन की ओर से एक-दूसरे के लिए जिस तरह की हाल के दिनों में बयानबाजी हुई है, उससे लगता है कि दोनों देशों के रिश्ते बेहतरी की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इसका हालिया मुलाहिजा तब हुआ, जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्चर एवं पाडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन को दिए करीब तीन घंटे के इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने चीन की प्रशंसा की की। मोदी पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए इंटरव्यू में भी चीन को लेकर सकारात्मक संदेश दिए थे। इसके बाद अमेरिकी पॉडकास्टर से की गई बातचीत ने चीन और भारत के रिश्तों को एक तरह से नया आयाम दिया है। अच्छे और बेहतर पड़ोसी होने के नाते चीन का इस पर खुश होना स्वाभाविक था। चीन की ओर से आई प्रतिक्रिया भी जबरदस्त रही। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग का यह कहना कि चीनी ड्रैगन और भारतीय हाथी के सामंजस्यपूर्ण नृ?य की प्रतीक्षा चीन के उत्साह का ही वर्णन करता है।

अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि आप ऐतिहासिक अभिलेखों को देखें, तो सदियों से भारत और चीन ने एक-दूसरे से सीखा है। साथ मिलकर, उन्होंने हमेशा किसी न किसी तरह से वैश्विक भलाई में योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी चीन और भारत के रिश्ते बेहतर बनाने की दिशा में पहला कदम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूसी शहर कजान में पिछले साल की मुलाकात के बाद भारत और चीन के रिश्ते लगातार बेहतरी की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भी भारत को लेकर अपनी बेहतर राय जाहिर की थी। जिसका भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्वागत किया था। इस कड़ी में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की ताजा टिप्पणी ने एक तरह से भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को बेहतरी की




**अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**

ओर तेजी से बढ़ा दिया है। मोदी ने भारत-चीन के आपसी और गहरे रिश्तों और ऐतिहासिक संबंधों की भी इस पाडकास्ट में चर्चा की। वैसे चीन और भारत के रिश्तों की एक बड़ी और ऐतिहासिक कड़ी महात्मा गौतम बुद्ध हैं। यह ऐसी कड़ी है, जिसकी बुनियाद पर दोनों देशों के रिश्तों को और बेहतर बनाया जा सकता है।

भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में नई दिल्ली यह समझाने की कोशिश करती रही है कि जब तक दोनों देशों के बीच का सीमा विवाद और उससे उपजा तनाव खत्म नहीं हो जाता, तब तक संबंध बेहतर नहीं हो सकते हैं। लेकिन चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने पिछले दिनों जब कहा कि एशिया की दोनों आर्थिक महाशक्तियों को अपने विवाद भुलाकर साथ आना चाहिए, तब से हालात बदलने लगे हैं। वैसे भी जिस तरह ट्रंप लगातार चीन को घेरने की कोशिश कर रहे हैं और आयात पर टैरिफ बढ़ाने की बात कर रहे हैं, उससे चीन ही नहीं भारत को परेशान कर दिया है। अमेरिकी राष्टपति ट्रंप लगातार चीन और भारत से आयातित होने वाली चीजों पर टैरिफ बढ़ाने की बात कर रहे हैं। इसका निश्चित तौर पर दोनों देशों की आर्थिकी पर असर पड़ सकता है। अगर दोनों देश कम से कम आर्थिक मोर्चे पर साथ आने को तैयार दिखें तो अमेरिका की धमकियां और उसके कदम बेअसर साबित हो सकते हैं। वैसे दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते जिस तरह बढ़ते रहे हैं, दोनों के बीच जारी सीमाई तनाव के बावजूद आपसी व्यापारिक संबंध मजबूत बने हुए हैं, वह बेहतर होते रिश्तों की ही कहानी कह रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और चीनी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया से जाहिर है कि दोनों देशों के बीच सद्भावना की नई इबारत लिखी जा रही है। अगर यह स्थिति और बेहतर होती है ति निश्चित है कि भारत में और अधिक चीनी निवेश का रास्ता खुल सकता है । जिसका फायदा भारत को तो मिलेगा ही, चीन को भी होगा। वैसे शंघाई सहयोग संगठन के साथ ही एशियाई विकास बैंक और ब्रिक्स जैसे संगठनों में नई दिल्ली और बीजिंग साथ-साथ काम कर ही रहे हैं। भारत आतंकवाद का मुकाबला करता रहा है, वह आतंकवाद का विरोधी भी है, लेकिन उसका मुकाबला करने के लिए बहुपक्षवादी वैचारिकी को बढ़ावा देने का वह विरोधी रही है। इस मामले में चीन की भी सोच कमोबेश वैसी ही है। इसलिए माना जा सकता है कि दोनों देश इन तथ्यों के आलोक में अपने रिश्तों को देखने लगे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और चीनी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया, इसी सोच का परिणाम नजर आती है।

पश्चिमी दुनिया के दिग्गज भी मानते हैं कि दोनों एशियाई दिग्गज देशों चीन और भारत के बीच स्थायी शांति के परिणाम दूरगामी होंगे। इससे कुछ हद तक वाशिंगटन चिंतित हो सकता है। लेकिन हाल के दिनों में भारत ने अमेरिका को लेकर जो संतुलित नीति अख्तियार की है, उससे उम्मीद है कि वाशिंगटन इस नई पहल की राह में बड़ी बाधा नहीं बन सकता। दोनों देशों के करोड़ों लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारनी है, गरीबी का समूल नाश करना है और शांति और स्थायीत्व की दिशा में आगे बढ़ना है तो तय है कि दोनों देश विवादित मुद्दों को परे रखते हुए अपने आर्थिक और ऐतिहासिक रिश्तों को बेहतर बनाते हुए आगे बढ़ाते रहें। इससे एशिया की दुनिया और खूबसूरत हो सकती है।

**-उमेश चतुर्वेदी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार**

# हेडफोन-गेमिंग से बच्चों के बहरे होने का खतरा

टेक्नोलॉजी विकास एवं उससे जुड़े नये-नये उपकरण आधुनिक जीवनशैली को भले ही बहुत आसान कर दिया हो लेकिन इसके अनियंत्रित उपयोग से भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ सकता है। अक्सर देखा जाता है कि जॉब करने वाले माता-पिता अपना टाइम बचाने एवं सुविधा के लिए बच्चों को छोटी उम्र में ही फोन और हेडफोन का उपयोग करने के लिए देते हैं। लेकिन ये उपकरण उनके बच्चों के लिए कितने नुकसानदायक एवं खतरनाक हैं इसका खुलासा नये-नये अध्ययनों से सामने आ रहा है, जो चिन्ताजनक एवं डरावना है। ऐसे ही एक अध्ययन में यह आशंका जतायी गयी है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है और वे बधिरता से ग्रस्त होते जा रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो पिछले कई महीनों में बच्चों के कानों में दर्द, सुनने में परेशानी, बधिरता और संक्रमण की शिकायतें बहुत ज्यादा आ रही हैं। वहीं डॉक्टर्स का कहना है कि इन उपकरणों के उपयोग से कानों पर काफी ज्यादा जोर पड़ता है और घंटो तक तेज आवाज सुनने से सुनने की क्षमता कमजोर पड़ जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को सर्तक किया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों एवं युवाओं में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे एवं युवा जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर में यह समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे एवं युवा अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक विश्वव्यापी आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है, इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो बहरों की दुनिया बनने से रोकना मुश्किल हो जायेगा।

विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है। युवाओं एवं बच्चों में बढ़ते मोबाइल एवं ईयरफोन के प्रचलन एवं तेज आवाज में गाने एवं संगीत सुनने की लत से पिछले कुछ सालों में बहरेपन का संकट बढ़ता जा रहा है। आंकड़ों की बात करें तो



पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में नित-नये आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

हेल्थ एक्सपर्ट का कहना है कि सामान्य तौर पर 60 साल के बाद लोगों में सुनने की क्षमता कम होने लगती है। लेकिन जिस तरह की जीवनशैली आज के युवा एवं बच्चे अपना रहे हैं, उससे कम उम्र में ही ये क्षमता कमजोर हो रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह ईयरफोन और हैडफोन को बताया जा रहा है। नए जमाने में हैडफोन और ईयरफोन भले ही काफी उपयोगी हों लेकिन इनका ज्यादा इस्तेमाल करने से युवा एवं बच्चें बहरेपन के रिस्क में आ रहे हैं। माना जा रहा है कि जितने ज्यादा डेसिमल में हेडफोन यूज किया जाएगा, उतना ही ज्यादा कानों को नुकसान होगा। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हैडफोन और ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन, लेपटोप, हैडफोन और ईयरफोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप एवं शिक्षकों की नसीहतों एवं हिदायतों पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। सरकार भी इसके लिये जागरूक करें। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है।

मानव जीवन में सुनने की क्षमता का अक्षुण्ण रहना जीवन की परिपूर्णता का परिचायक है। इस सचाई को नहीं नकारा जा सकता कि श्रवण यानी सुनने की क्षमता जीवन को नया आकार देने, मानसिक दरिद्रता का निवारण करने तथा ऊंचे ध्येय की पूर्ति हेतु आगे बढ़ने की सही चाबी है। जैसे दवा रोग नाशक होती है, पर गलत दवा के सेवन से रोग घटने की अपेक्षा अधिक बढ़ जाता है, वैसे ही गलत जीवनशैली, गलत तरीको से जीने, गलत तरीके से सुनने की क्षमता का उपयोग करने, अनियंत्रित शोर-शराबे को सुनने से जीवन में विकृतियां एवं परेशानियां घुस जाती है और अनेक तरह के श्रवण रोगों का हमला होने लगता है। इसलिये सुनने की क्षमता का सम्यक् उपयोग जरूरी है। देखना और सुनना- ये दोनों ही जीवन-विकास एवं ज्ञान-वृद्धि के माध्यम है। पर सुनना अधिक शक्तिशाली साधन है, क्योंकि आंखों में जो दृश्य प्रतिबिम्बित होते हैं, वे तात्कालिक होते हैं।

***लेखक - ललित गर्ग***

# राशिफल

**चैत्र कृष्ण पक्ष सप्तमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
बहुत बचकर पार करें। कोई रिस्क न लें। वाहन धीरे चलाएं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आनंददायक जीवन गुजारेंगे। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य दबा दबा सा। शत्रु एक्टिव रहेंगे। प्रेम, संतान मध्यम रहेगा। व्यापार ठीक रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
कलह से बचें। स्वास्थ्य पहले से सुधार की ओर। प्रेम-संतान का साथ। व्यापार अच्छा रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कन्या राशि की स्थिति ठीक कही जाएगी। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित दिख रहा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जुबान अनियंत्रण न होने दें और जुआ, सट्टा और लॉटरी में पैसे न लगाएं। स्वास्थ्य मध्यम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
समाज में सराहना होगी। आपका कद बढ़ेगा। आकर्षक लगेंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार भी अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
यात्रा का योग बनेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भाग्य साथ देगा। अपमानित होने का भय रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान ठीक ठाक।

# 'सब प्रकार के संकट से मुक्त करता है गजेन्द्र मोक्ष का पाठ'

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हर तरफ भक्तिमय उत्साह, नृत्य करते श्रद्धालु, फूलों, मेवाओं, मिष्ठान और खिलौनों की वर्षा, गुब्बारे और पुष्पों से सजा कथा स्थल। दोनों हाथ ऊपर कर श्रीहरि, श्रीराम और श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कुछ ऐसा ही दृश्य बृहस्पतिवार को डेल्टा-1 के कम्युनिटी सेंटर में भारतीय धरोहर विचार मंडल, ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा स्थल पर देखने को मिला।

आचार्य पवन नंदन ने श्रीराम के प्राकट्य व श्रीकृष्ण अवतार का वर्णन किया। गोस्वामी तुलसीदास के दोहों के माध्यम से श्रीहरि के जन्म से लेकर लव-कुश कथा का संगीतमय वर्णन किया। श्रीकृष्ण के जन्म पर कथा स्थल गोकुल और श्रीराम के जन्म के साथ मानो अवधपुरी बन गया।




प्रह्लाद चरित्र, हिरण्यकश्यप वध, गजेंद्र उद्धार, देवासुर संग्राम, अमृत मंथन, बलि-वामन चरित्र, सूर्य-चंद्र वंश का वर्णन करते हुए आचार्य पवन नंदन ने कहा कि चार काम संध्या के समय नहीं करने चाहिए। संध्या के समय शयन करने से शरीर रोगी होता है और भोजन करने से व्यक्ति क्लेश से युक्त होता है। संध्या के समय रति क्रीड़ा करने से दुष्ट संतान का जन्म होता है। संध्या के समय पढ़ाई करने से याद किया हुआ समय पर याद नहीं आता। इसलिए इन चार कार्यों को संध्या के समय नहीं करना चाहिए।

कथा के आरंभ में मुख्य यजमान नरेश गुप्ता, दैनिक यजमान नवीन जिंदल, मनोज गर्ग, सौरभ बंसल, सत्यप्रकाश अग्रवाल ने हरिद्वार से पधारे भागवत कथा व्यास पवन नंदन का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

ग्रेटर नोएडा में 17 से 23 मार्च तक प्राचीन भारत की ज्ञान संपदा के संरक्षण, संवर्धन और नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा को समर्पित भागवत कथा का आयोजन डेल्टा 1, ग्रेटर नोएडा के कम्युनिटी सेंटर में किया जा रहा है।

कथा में बच्चू सिंह जी, एडीएम, प्रमोद चौहान, श्रीमती सरोज तोमर, श्रीमती विनीता शर्मा, श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती पूनम अग्रवाल, रश्मि अरोड़ा, संजय सूदन, गौरव उपाध्याय, नवनीत गुप्ता, डी.के. अरोड़ा, अनुज उपाध्याय, कौशल गुप्ता, कपिल कृष्णा, शरद त्यागी, मुकुल गोयल, सतीश गुप्ता, गिरीश जिंदल, रवि जिंदल, देवराज बंसल, नोएडा से पधारे वरिष्ठ समाजसेवी और भारत विकास परिषद के केंद्रीय वित्त मंत्री महेश बाबू गुप्ता, सुरेंद्र चौहान और राकेश चौहान भी उपस्थित रहे।

## अर्थतंत्र (छंद)



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )
ज्ञानपुर ( भदोही )

**अर्थ तंत्र का महत्व, जनतंत्र में प्रमुख,**
**इसीलिए हवाला घोटाला नित्य चलता।**
**देश जाए भाड़ में,**
**वे लूटे खायें आड़ में,**
**हाथ जोड़ जोड़ नेता हमें नित छलता।**
**अरबों औ खरबों की गड्डियों पे सुख नींद,**
**सो रहे हैं घर में ही लोकतंत्र फलता।**
**कुछ न बिगाड़ पाई,**
**भारत की सीबीआई,**
**जांच पड़ताल का तमाशा नित चलता।**

# भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा का कल आरडब्ल्यूए, फोनरवा आदि संगठनों के साथ बिसरख मंडल महिला मोर्चा की बहनों ने उनके निवास सेक्टर ईटा में पहुंचकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बादलपुर मंडल अध्यक्ष महेंद्र नागर, अरुण प्रधान, वीरेंद्र भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, दनकौर मंडल अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा, राजेंद्र भाटी, अर्पित तिवारी, रोहित शर्मा, मनोज प्रधान, महेश शर्मा, कपिल गुर्जर, अतुल शर्मा, विजय कसाना, उमेश भाटी, संचित शर्मा (सिंघा), सांसद प्रतिनिधि सोनू वर्मा, अतुल भाटी, ज्योति सिंह आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जनवादी महिला समिति व झुग्गी बस्ती कमेटी का सम्मेलन हुआ संपन्न





**नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति गांव बरौला सेक्टर-49, कमेटी का सम्मेलन जूनियर हाई स्कूल बरौला पार्क में संपन्न हुआ तथा झुग्गी बस्ती सेक्टर-50, कमेटी का सम्मेलन सेक्टर-50, नोएडा पर संपन्न हुआ।

सम्मेलन की शुरुआत झंडा रोहण/शहीद वेदी पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाने के साथ हुई। सम्मेलन में पिछले तीन वर्ष के कामकाज की समीक्षा और कई ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की गई और स्थानीय मुद्दों/ समस्याओं पर कई संघर्ष के प्रस्ताव पारित किए गए।

बरौला सेक्टर-49, कमेटी के सम्मेलन में मोनिका-अध्यक्ष, नेमवती-उपाध्यक्ष, शोभा यादव-सचिव, कल्पना-सह सचिव, सरोज देवी- कोषाध्यक्ष चुनी गई।

# दीपक भाटी चोटीवाला फिर बने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

## बधाई देने वालों का लगा तांता



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कल रात प्रस्तावित जिला एवं शहर कांग्रेस अध्यक्षों की सूची को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के अनुमोदन के उपरांत, संगठन महासचिव एवं लोकसभा सांसद के.सी. वेणुगोपाल ने देर रात जारी कर दिया।

जिसमें गौतमबुद्धनगर में वर्तमान जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला को पुन: जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने पर दीपक चोटीवाला को बधाई देने वालों का तांता लगा है। एक बातचीत के दौरान दीपक भाटी ने कहा कि पार्टर्ट ने जो अहम जिम्मेदरी मुझे सौंपी है उसका मैं पूरी ईमानदारी के साथ निवर्हन करूंगा।

# सैन्ट हुड पब्लिक स्कूल दादरी में विधिक साक्षरता शिविर



**दादरी ( चेतना मंच )।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा-निर्देशन में विगत दिवस अपर जिला जज, गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन सैन्ट हुड पब्लिक स्कूल दादरी ग्रेटर नोएडा में छात्र व छात्राओं के मध्य किया गया। शिविर में अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में छात्र व छात्राओं को पॉश एक्ट तथा शिक्षा का अधिकार, गुड टच बेड टच, भारत के संविधान में दिए गए अधिकार एवं कर्तव्यों के संबंध मे जानकारी उपलब्ध कराई गई है तथा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाएं तथा उत्तर प्रदेश पीडित क्षतिपूर्ति योजना एवं मीडिएशन तथा प्री-लिटीगेशन स्तर पर विवादो का निस्तारण आदि के संबंध मे विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

शिविर में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ स्कूल की प्रधानाचार्या आशा एवं स्कूल की अध्यापिकाओं सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

# नोएडा स्पोर्ट्स सिटी घोटाले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

## दो बिल्डरों और प्राधिकरण के अज्ञात अधिकारियों पर एफआईआर

**नोएडा ( चेतना मंच ) ।** नोएडा स्पोर्ट्स सिटी घोटाले में सीबीआई ने बड़ी कार्यवाही की है। CBI ने स्पोर्टस सिटी में बिल्डरों पर एफआईआर की है। साथ ही नोएडा प्राधिकरण को भी आरोपी बनाया गया है। एफआईआर में हाइकोर्ट के आदेश को आधार बनाया गया है। जिसमें सबलीज कंपनियां भी शामिल हैं।

आपको बता दें कि इलाहाबाद हाइकोर्ट ने नोएडा स्पोर्ट्स सिटी घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच का आदेश दिया है। इस मामले में सीबीआई ने तीन एफआईआर दर्ज की हैं। पहली एफआईआर लॉजिक्स इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और दूसरी लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर की गई है। दोनों पर आरोप है कि 2011 से 2017 तक बिल्डरों, कंसोर्टियम, और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मिलकर कथित तौर पर घर खरीदारों के पैसे हड़प लिए गए।

सीबीआई ने अपनी एफआईआर में छह आरोपी बनाए है। लॉजिक्स इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को पहला आरोपी बनाया है। इसके अलावा कंपनी के डायरेक्टर शक्तिनाथ, मीना नाथ, विक्रम नाथ के नाम शामिल हैं।

वहीं नोएडा प्राधिकरण के अज्ञात अधिकारी और अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसी तरह दूसरी एफआईआर लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की गई है। ये प्रोजेक्ट सेक्टर-150 एससी 01 और इससे जुड़ी 12 सबलीज कंपनियों से जुड़ा है। जिसमें सभी 12 के नाम शामिल है। लोट्स ग्रीन कंस्ट्रक्शन पर एफआईआर जिसमें पहला आरोपी लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन कंपनी को बनाया गया। इसी तरह कंपनी के डायरेक्टर निर्मल सिंह, विदुर भरद्वाज, सुरप्रीत सिंह सूरी और नोएडा प्राधिकरण के अज्ञात अधिकारी व एक अन्य खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

एफआईआर में हाइकोर्ट का आदेश का हवाला दिया गया है। इसमें लोटस ग्रीन के अलावा उनकी सब लीज करीब 24 कंपनियों को भी शामिल किया गया है। ये प्रोजेक्ट सेक्टर-150 एससी-01/ए और एस-02 से जुड़ा है। इसके अलावा जनायडू एस्टेट पर एफआईआर दर्ज की गई है।

# सीएस सिद्धार्थ एकेडमी में प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रूपवास गांव स्थित सिद्धार्थ एकेडमी पब्लिक स्कूल में किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के दादरी तहसील अध्यक्ष, किसान नेता राजकुमार रूपवास ने प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मूवमेंट रिजल्ट मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि किसान नेता राजकुमार रूपवास ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, शिक्षा वह पूंजी है, जो कभी बंटती नहीं और हमेशा बढ़ती रहती है। आज के समय में शिक्षा का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता, गुरुजनों और क्षेत्र का नाम रोशन करें।

प्रतियोगिता में अनुष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, निशांत ने द्वितीय स्थान और तुर्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहित करने के लिए मेडल प्रदान किए गए।

इस अवसर पर स्कूल की संरक्षक चिंता प्रधान, प्रबंधक फूल सिंह, हरिंदर सिंह, एडवोकेट विकास कुमार, सूरज सिंह, राज सिंह, सहित अन्य अध्यापक, अभिभावक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पत्रकार की पिटाई से नाराज मीडियाकर्मियों ने दिया धरना

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** लाजपतनगर में रहने वाले पत्रकार अभिषेक पंडित की शनि चौक पुलिस चौकी पर पिटाई से नाराज हिंडनपार क्षेत्र के पत्रकारों ने गुरूवार को थाना साहिबाबाद पर प्रदर्शन कर धरना दिया। धरने की सूचना पर एसीपी साहिबाबाद श्वेता कुमारी यादव मौके पर पहुंची और पीड़ित पत्रकार से बात कर जानकारी ली, लेकिन पत्रकारों ने अपना धरना समाप्त नहीं किया। पत्रकारों ने आरोपी दोनों दरोगाओं को निलंबन की मांग उठाई जिस पर डीसीपी ट्रांस हिंडन से पत्रकारों की बातचीत हुई और जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। डीसीपी ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्रकारों से 2 दिन का समय मांगा है।



मिली जानकारी के अनुसार जी ब्लॉक लाजपतनगर में रहने वाले अभिषेक पंडित शनि चौक पुलिस चौकी पर एकत्र हुई भीड़ का मामला जानने के लिए पहुंचे थे। यह भीड़ एक एक्सीडेंट की वजह से लगी थी। आरोप है कि इसी दौरान एक मामले से खुन्नस खाये चौकी इंचार्ज प्रभाकर सिंह एवं एसआई सौरभ कुमार ने पत्रकार को चौकी के अंदर घसीट लिया और बुरी तरह से मारा पीटा। साथ ही शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर हवालात में डाल दिया। पत्रकार पर आरोप लगाया गया कि उसने भीड़ इकट्ठा की और कार पर पत्थर मार करके शीशा तोड़ दिया।

आरोप है कि मामले की सूचना पर चौकी पहुंची पीड़ित पत्रकार की बहन के साथ भी मारपीट और दुर्व्यवहार किया गया। पत्रकार की बूढी मां थाना साहिबाबाद पहुंची थी उन्हें भी दुत्कार कर थाने से भगा दिया गया। इस मामले में पत्रकार की बहन ने भी दोनों उपनिरीक्षकों के खिलाफ गलत नीयत से हाथ पकड़ने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इस बाबत रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र दिया है।

पत्रकार के साथ हुई मारपीट और दुर्व्यवहार के मामले में गुरूवार को स्थानीय पत्रकार एकत्र हुए और थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह से मुलाकात की। पीड़ित पत्रकार के मान-सम्मान की लड़ाई के लिए वे थाने में ही धरने पर बैठ गए। इसकी सूचना मिलने पर एसीपी साहिबाबाद श्वेता कुमारी यादव मौके पर पहुंची लेकिन पत्रकारों ने धरने से उठने से मना कर दिया। बाद में पत्रकारों के कहने पर अभिषेक पंडित को एसीपी इंदिरापुरम की कोर्ट में पेशी के बाद जमानत दे दी गई। इस मामले में पत्रकारों ने दोषी दोनों उप निरीक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की मांग की है। बाद में धरने पर बैठे पत्रकारों को डीसीपी ट्रांस हिंडन ने अपने कार्यालय पर बुलाया और वार्ता के बाद कार्रवाई के लिए दो दिनों का समय मांगा है।

डीसीपी ने पीड़ित पत्रकार अभिषेक पंडित को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। धरने में एसपी चौहान, ठाकुर पंकज सिंह, जितेंद्र भाटी, मनोज कुमार, नदीम चौधरी, जेपी भारद्वाज, पंकज राय, चंदन सिंह, दयाल शर्मा, अशोक गुप्ता, राहुल, मंगल सिंह चौहान, मीनाक्षी शर्मा, पंडित विनोद त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दीपक कुमार राठौर, पुत्र स्व. श्री सोहन लाल निवासी-ओमेक्स पाम ग्रीन्स, फ्लैट नंबर- 1104 टावर बी.पी.ए. सेक्टर- MU, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उत्तर प्रदेश) मैंने अपना नाम बदलकर दीपक राठौर से दीपक कुमार राठौर (Deepak Kumar Rathore) रख लिया है। भविष्य में मुझे दीपक कुमार राठौर के नाम से ही जाना जए।

## पृष्ठ एक के शेष....

**आज दुनिया में...**

उत्तर प्रदेश और भारत के लोग दुनिया में कहीं जाते थे तो खुद को भारतीय कहने पर थोड़ा संकोच करते थे पर अब गर्व से खुद को भारतीय कहते हैं क्योंकि दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। इसी तरह यूपी के लोग कहीं बाहर जाने पर खुद को उत्तर प्रदेश का बताने पर संकोच करते थे पर अब वो गर्व से खुद को उत्तर प्रदेश का नागरिक बताते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या का वैभव लौटना ही चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैं एक बार यूरोप गया था और वहां पर घूमने निकला और एक टैक्सी पर बैठा। मुझे टैक्सी वाला भारत का निवासी लगा। मैंने पूछा कि कहां के हो तो उसने कहा पंजाब का। मैंने पूछा पंजाब में कहां से तो चुप हो गया... फिर बताया कि पाकिस्तान से हैं। उसने मुझे बताया कि भारत का बताने पर हम यहां पर सेफ महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि ये भारत की ताकत है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या दौरे पर हैं। सुबह करीब सवा 10 बजे उनका हेलीकॉप्टर अयोध्या के रामकथा पार्क में लैंड हुआ। यहां से वह रामलला का दर्शन करने के लिए रवाना हो गए। उन्होंने पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन किए और फिर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। आज करीब साढ़े चार घंटे अयोध्या में रहेंगे।

**आटा चक्की में मिलावट...**

और बढ़ गई। शिकायत मिलते ही थाना वेव सिटी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने खाद्य आपूर्ति विभाग और फूड इंस्पेक्टर को मामले की जानकारी दी। जैसे ही फूड इंस्पेक्टर की टीम मौके पर पहुंची, चक्की संचालक मुकेश फरार हो गया। इस बीच, फूड इंस्पेक्टर ने आटा चक्की को सील कर दिया और मौके से नमूने इकट्ठा किए।

मौके की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और थाना वेव सिटी में रखवा दिया है।

**महंगी गाड़ियों के...**

और तमंचा कारतूस बरामद किए गए हैं। डीसीपी नोएडा ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल बदमाश की पहचान गाजियाबाद निवासी मोहम्मद इश्तियाक उर्फ साहिल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि देर रात थाना 39 पुलिस दादरी रोड, शशि चौक कट के पास बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी बोटेनिकल अंडरपास की तरफ से एक सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी आती दिखाई दी। चेकिंग कर रही पुलिस टीम ने जब रूकने का इशारा किया, तो वह नहीं रुकी और यूटर्न लेकर वापस दादरी रोड की तरफ भागने लगी। पुलिस ने घेराबंदी की तो अपने आप को घिरता देख गाड़ी में सवार संदिग्ध बदमाशों ने गाड़ी से उतरते हुए पुलिस टीम पर फायर कर सेक्टर 42 के जंगल की तरफ भागने लगे पुलिस की जवाबी कार्यवाही में मोहम्मद इश्तियाक पैर में गोली लगने से घायल हो गया, उसे गिरफ्तार कर इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश मोहम्मद इश्तियाक के दो साथियों मोहम्मद वकीर उर्फ समीर और मोहम्मद गनी उर्फ राजू को कांबिंग ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ मुंबई और अन्य राज्यों में मुकदमे दर्ज हैं। बरामद क्रेटा गाड़ी भी थाना सेक्टर 39 पर चोरी की है जिसका मुकदमा थाना-39 में दर्ज है।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# भारत ने मालदीव को हराकर 489 दिनों बाद जीता फुटबॉल मैच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को शिलांग के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए फीफा इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच में मालदीव को 3-0 से हराकर 15 महीने के अंतरराष्ट्रीय जीत के सूखे को समाप्त कर दिया। यह जीत नए स्पेनिश कोच मैनोलो मार्केज के नेतृत्व में भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय जीत भी रही।

सीनियर डिफेंडर राहुल भेके (34') और 'प्लेयर ऑफ द मैच' लिस्टन कोलासो (66') ने भारत के लिए बेहतरीन हेडर के जरिए गोल किए। हालांकि, सबसे बड़ा जश्न कप्तान सुनील छेत्री के लिए



मनाया गया, जिन्होंने 76वें मिनट में कोलासो के बाएं फ्लैंक से आए क्रॉस को शानदार हेडर के जरिए नेट में डालकर अपना 95वां अंतरराष्ट्रीय गोल पूरा किया।

यह मुकाबला शिलांग के जेएन स्टेडियम में पहली बार किसी सीनियर पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी कर रहा था, और स्टेडियम में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भारत के दिग्गज स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने 286 दिनों बाद टीम में वापसी की और अपना 152वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। मैच की शुरूआत से ही लिस्टन कोलासो, नाओरेम महेश सिंह और ब्रेंडन फर्नांडिस ने आक्रामक खेल दिखाया और मालदीव की रक्षा पंक्ति को चुनौती दी, लेकिन पहला गोल करने में टीम को समय लगा। 34वें मिनट में ब्रेंडन फर्नांडिस के कॉर्नर पर राहुल भेके ने दमदार हेडर मारते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद, भारत ने मालदीव को पूरी तरह दबाव में डाल दिया और दूसरे हाफ में कई मौके बनाए। 66वें मिनट में महेश सिंह के कॉर्नर पर लिस्टन कोलासो ने शानदार हेडर के साथ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया और स्कोर 2-0 कर दिया। भारत के लिए अंतिम गोल 76वें मिनट में आया, जब सुनील छेत्री ने कोलासो के क्रॉस को हेडर के जरिए गोल में तब्दील कर दिया। 82वें मिनट में मैनोलो मार्केज ने छेत्री को सब्स्टीट्यूट कर इरफान यादवाड को मैदान पर भेजा। छेत्री जब मैदान से बाहर गए तो उन्हें दर्शकों से जबरदस्त सम्मान मिला। इस जीत के साथ भारत का आत्मविश्वास बढ़ा है और अब टीम 25 मार्च को इसी मैदान पर एएफसी एशियन कप 2027 क्वालिफायर्स में बांग्लादेश का सामना करेगी।

## जूनियर बालिका बास्केटबाल में मुरादाबाद वाराणसी, आगरा की टीमें जीतीं

एजेंसी

**मुरादाबाद।** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ एवं उप्र बास्केटबाल संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ गुरुवार को रामगंगा विहार स्थित सोनकपुर स्पार्ट्स स्टेडियम में हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता व विशिष्ट अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी ट्रैफिक रूद्र कुमार ने किया। अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ी खेलों के माध्यम से अपने देश-प्रदेश व शहर का नाम रोशन करते हैं।

क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी जितेंद्र यादव एवं उप्र ओलम्पिक संघ संयुक्त सचिव डॉ अजय पाठक ने मु ख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को बुके व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। गोविन्द यादव, कुश्ती



प्रशिक्षक धीरज कुमार खो-खो प्रशिक्षक, प्रदीप सक्सैना, अंकित अग्रवाल, नरेशपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का पहला मैच वाराणसी बनाम सहारनपुर के मध्य खेला गया। जिसमें वाराणसी ने 29-12 से यह मैच जीता। वाराणसी की ओर से पलक 10 गोल और अवनी ने 6 गोल किये। दूसरा मैच आगरा बनाम मेरठ के बीच खेला गया। जिसमें आगरा की टीम ने 35-06 से यह मैच जीता। विजेता टीम की ओर से मानसी ने 14 गोल व खनक ने 06 गोल किये।

## खास खबर

### गोल्ड मेडल जीतने वाली निशि गुर्जर सम्मानित

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद की निवासी निशि गुर्जर द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग में कुश्ती की स्पर्धा में सब जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने पर गुरुवार को सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम रामगंगा विहार में क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव द्वारा सम्मानित किया गया। निशि ने अमरोहा में खेली गई प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।दिल्ली रोड स्थित काशीराम नगर में रहने वाली निशि गुर्जर साईं विद्या इंटर कॉलेज में 12वीं की छात्रा है। पिता हुकुम सिंह कुश्ती के खिलाड़ी रहे। पिता की प्रेरणा से ही कुश्ती का अभ्यास पांच महीने पहले शुरू करने वाली निशि ने बीते दिनों अमरोहा में युवा कल्याण विभाग एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग में कुश्ती की स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। निशि के पिता हुकुम सिंह और मां चंद्रवती ने बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है।

### एसआरएच की जर्सी में नजर आये शमी

**हैदराबाद।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी यहां के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में पहली बार सनराइजर्स हैदराबाद की जर्सी में नजर आये। शमी को गत वर्ष हुई नीलामी में सनराइजर्स ने 10 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे पहले गुजरात टाइटंस ने उन्हें रिलीज कर दिया था। शमी को ऑरेंज जर्सी में देखने के लिए काफी संख्या में प्रशंसक भी पहुंचे थे। स्टेडियम के बाहर लगी विशाल स्क्रीन पर शमी का एक वीडियो चलाया गया जिसमें वह तेजतर्रार यॉर्कर फेंकते और बल्लेबाजों के स्टंप्स उड़ाते दिखे। इसके बाद शमी सामने आ गए। उन्होंने नारंगी जर्सी पहनी थी जिस पर उनका नाम बड़े अक्षरों में लिखा था। भीड़ ने तालियों और नारों से शमी! शमी! ऑरेंज आर्मी! बोलकर उनका स्वागत किया। शमी ने भी माइक लिया और प्रशंसकों का आभार जताते हुए कहा कि हैदराबाद मेरा नया घर है। यह जर्सी पहनना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं वादा करता हूं कि हर गेंद में आग होगी, और हर मैच में हैदराबाद के लिए जी-जान लगा दूंगा।

### आईपीएल में अंपायिंग करेंगे पूर्व क्रिकेटर तन्मय

**मुम्बई ।** 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2025 सत्र में पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर तन्मय श्रीवास्तव अंपरिंग करते दिखेंगे। तन्मय 2008 के अंडर-19 विश्व कप में विराट कोहली के साथ खेलते थे। तब विराट टीम के कप्तान थे जबकि तन्मय ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रारी खेलकर टीम को जीत दिलायी थी। वहीं अब नई भूमिका में तन्मय दिखेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसाई) ने अंपायर के तौर पर उनका नाम घोषित कर दिया है। तन्मय ने आईपीएल भी खेला है। वह साल 2008 और 2009 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) में शामिल किये गये थे पर वह 7 मैचों में केवल 8 रन ही बनाए। उनका आईपीएल करियर ज्यादा लंबा नहीं रह पर घरेलू क्रिकेट में वह सफल रहे। उन्होंने कुल 90 फर्स्ट क्लास मैच, 44 लिस्ट ए मैच और 34 टी20 मैच खेले हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 4918 रन बनाए हैं, जबकि लिस्ट ए क्रिकेट में 1728 रन और टी20 क्रिकेट में 649 रन बनाए हैं।

# मियामी ओपन में किर्गियोस ने मैकडोनाल्ड को रहाया

▸ तीन साल बाद मिली जीत

एजेंसी

**मियामी।** ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने मियामी ओपन टेनिस में जीत के साथ ही शुरूआत करते हुए अमेरिकी क्वालीफायर मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया है। इसी के साथ ही तीन साल बाद किर्गियोस को किसी एटीपी टूर मैच में जीत मिली है। इससे पहले अंतिम बार उसे 2022 में जीत मिली थी। किर्गियोस पिछले 18 महीनों से चोटिल थे और इस साल की शुरूआत में ही उन्होंने खेल में वापसी की थी। कलाई में दर्द के



कारण किर्गियोस को कुछ सप्ताह पहले ही इंडियन वेल्स में पहले ही दौर के मैच से हटना पड़ा था।

अक्टूबर 2022 में जापान ओपन में दूसरे दौर के मुकाबले के बाद से ही किर्गियोस जीत के लिए तरस रहे थे। इस प्रकार अब उन्हें 896 दिनों के बाद सफलता मिली है। एक समय कलाई की चोट के कारण किर्गियोस का करियर भी खतरे में था। इस खिलाड़ी ने कहा, यह मेरे लिए लंबा सफर रहा है। अब मेरा मनोबल बढ़ा है। अब उनका अगला मुकाबला 22वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव से होगा। इस खिलाड़ी से ही वह 2022 यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल में हारे थे। ऐस में इस बार किर्गियोस का इरादा हिसाब बराबर करने का रहेगा।

किर्गियोस ने अब तक सात हार्ड कोर्ट खिताब जीते हैं। वहीं मियामी ओपन में पांच बार चौथे दौर तक पहुंचे हैं। यह टूनार्मेंट उनके लिए सबसे सफल मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता रही है।

# धोनी ने अध्यास के दौरान पथिराना पर खेला हेलीकॉप्टर शॉट

एजेंसी

**मुम्बई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम आजकल इंडियन प्रीमियर लीग की तैयारियां में लगी है। सीएसके को अपना पहला मैच मुंबई इंडियंस के खिलाफ 23 मार्च को अपने घरेलू मैदान चेन्नई में खेलना है। सीएसके टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी अभ्यास के दौरान जमकर पसीना बहा रहे है। 43 साल के धोनी अभ्यास के दौरान श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना को हेलीकॉप्टर शॉट मारते हुए नजर आ रहे हैं। इसका एक वीडियो जमकर



वायरल हो रहा है। इस वीडियो में धोनी पथिराना पर हेलीकॉप्टर शॉट मारते हुए नजर आ रहे हैं। पथिराना धोनी को यॉर्कर गेंद डालने का प्रयास करते हैं पर धोनी उसको अपने हेलीकॉप्टर शॉट से बाउंड्री पर मारते हैं। वहीं दूसरे छोर पर खड़े आ अश्विन भी हंसते दिखते हैं।पथिराना युवा गेंदबाज हैं और वह लगातार अच्छा कर रहे हैं। उनकी तेज रफ्तार की यॉर्कर गेंद को खेलना बिल्कुल भी आसान नहीं होता पर धोनी ने बेहद आसनी से उसे उछाल दिया। 43 साल के एमएस धोनी 2008 से ही आईपीएल का हिस्सा हैं। वह पहले सत्र से ही आईपीएल खेलते हुए आ रहे हैं। धोनी ने अब तक 264 आईपीएल मुकाबलों में 137.5 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 5243 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 24 अर्धशतक लगाये हैं।

# इंटर स्कूल और कॉलेज कराटे प्रतियोगिता 23 को

एजेंसी

**रांची ।** 22 मार्च को रांची के संत जोसेफ क्लब में आयोजित इमा कप झारखंड इंटर स्कूल और कॉलेज कराटे चैंपियनशिप अब 23 मार्च को होगी। 22 मार्च को रांची बंद बुलाए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है। कराटे इंडिया ऑर्गेनाईजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेरमैन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी दी इन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा अन्य राज्य के भी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इसके




कारण प्रतियोगिता को 22 के स्थान पर 23 मार्च को आयोजित किया जाएगा। 23 मार्च को खिलाड़ी सुबह 8 बजे रिपोर्ट करेंगे। 8:30 से प्रतियोगिता प्रारंभ होगी 11:30 इनका विधिवत्त उद्घाटन किया जाएगा। प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी 98351 65518 पर ली जा सकती है।

# रांची जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**रांची।** जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित रांची जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 20 मार्च 2025 को रांची विश्वविद्यालय के मैदान में किया गया। इस बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू (डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर) डॉ. सुदेश कुमार साहू द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सुदेश कुमार साहू ने कहा खेल किसी भी समाज के लिए आत्मविकास और अनुशासन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवा खिलाड़ियों को न सिर्फ अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा, बल्कि वे आगे चलकर झारखंड और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे। वॉलीबॉल जैसे खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस



तरह के आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं।इस साल की प्रतियोगिता में रांची जिले की 17 प्रमुख वॉलीबॉल टीमें भाग ले रही हैं। लीग प्रारूप में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में हर दिन चार मैच आयोजित किए जाएंगे, जिससे खिलाड़ियों को अधिक मैच अभ्यास मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। इस अवसर पर वॉलीबॉल जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियां और खेल अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से: डॉ. राजेश गुप्ता, समन्वयक,रांची विश्वविद्यालय, वरिष्ठ वॉलीबॉल प्रशिक्षक विश्वनाथ सिंह झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक सेतांक सेन ,अंतरराष्ट्रीय निर्णायक संजय कुमार, रांची जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव संजय ठाकुर उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को बनाए रखने की अपील की। रांची जिला वॉलीबॉल संघ इस आयोजन के माध्यम से जिले के युवा वॉलीबॉल खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच प्रदान करने का प्रयास कर रहा है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करना और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए अवसर प्रदान करना है। रांची जिला वॉलीबॉल संघ का लक्ष्य है कि इस प्रतियोगिता से चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ियों को आगे झारखंड राज्य टीम के लिए प्रशिक्षित किया जाए। संघ आने वाले समय में और अधिक वॉलीबॉल टूर्नामेंट, प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रहा है, ताकि झारखंड से नए और प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए रांची विश्वविद्यालय प्रशासन, रांची जिला वॉलीबॉल संघ एवं झारखंड वॉलीबॉल संघ का विशेष योगदान रहा।

**पहले दिन खेले गए मैच**

1. पहला मैच-आरयूएसआरसीए बनाम आईसीएससी वॉलीबॉल क्लब- जिसमें आरयूएसआरसीए ने सीधे सेटों में 25-20,25-14 अंकों जीत दर्ज की।
2. दूसरा मैच -दलादली वॉलीबॉल क्लब ने 25-23 एवं 27-25 अंकों से फैज क्लब इरबा को पराजित करते हुए मुकाबला अपने नाम किया।
3. अन्य मैचों में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया।

**झारखंड राज्य अस्मिता हॉकी लीग**

# जूनियर वर्ग में सिमडेगा, हजारीबाग, गुमला और पलामू ने की जीत हासिल

▸ सब जूनियर वर्ग में रांची,खूंटी ,गुमला और सिमडेगा ने की जीत हासिल

एजेंसी

**रांची ।** भारतीय खेल प्राधिकरण ( युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय) एवम हॉकी इंडिया के सहयोग से 17 से 24 मार्च 2025 तक हॉकी झारखंड के द्वारा रांची में आयोजित झारखंड अस्मिता हॉकी लीग 2025 सब जूनियर और जूनियर महिला का आज चौथे दिन जुनियर वर्ग में 4 और सब जूनियर वर्ग में 04 मैच खेले गए है। जूनियर वर्ग में हॉकी



हजारीबाग ने हॉकी खूंटी को 2-1 से , हॉकी सिमडेगा ने हॉकी बोकारो को 08=00 से ,हॉकी गुमला ने हॉकी पश्चिमी सिंहभूम को 5-0 से और हॉकी पलामू ने हॉकी रांची को पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से पराजित की मैदानी खेल में दोनो टीम 1-1 गोल की बराबरी पर थीं।जूनियर वर्ग में निम्नलिखित टीमों का अपने पूल में स्थान रही थी। सब जूनियर वर्ग में हॉकी खूंटी ने हॉकी हजारीबाग को 21=00 से, हॉकी रांची ने हॉकी पलामू को 10=01 से , हॉकी गुमला ने हॉकी पश्चिमी सिंहभूम को 5-0 गोल से और सिमडेगा ने बोकारो को 1=0 गोल से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए। सब जूनियर वर्ग के पुल अ में क्रमश 1रांची, 2nd खूंटी, 3rd पलामू और 4th हजारीबाग की टीम रही , जबकि पूल बी में 1st सिमडेगा,2nd बोकारो 3rd गुमला, 4th पश्चिमी सिंहभूम रही कल सभी टीमों का क्वार्टर फाइनल मैच खेले जाएंगे, इससे पूर्व आज हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर चौथे दिन के मैच का प्रारंभ कराया।

# स्विस ओपन में पीवी सिंधु लगातार तीसरी बार पहले दौर में हारीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का खराब फॉर्म जारी रहा। उन्हें बुधवार को पहले ही दौर में डेनमार्क की जूली जैकबसेन से 17-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस साल उनका लगातार तीसरा टूर्नामेंट है, जहां वे पहले दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं। भारत के प्रियंशु राजावत (विश्व रैंक 35) ने स्विट्जरलैंड के टोबियास क्युएनजी को सिर्फ 29 मिनट में 21-10, 21-11 से हराया। अगले दौर में उनका मुकाबला फ्रांस के



टोमा जूनियर पोपोव से होगा। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन को 21-5, 21-16 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। अब वे दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन से भिड़ेंगे। हालांकि, भारत के किरण जॉर्ज को कड़े मुकाबले में डेनमार्क के रासमुस गेम्के से 21-18, 17-21, 10-21 से हार झेलनी पड़ी और वे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय ने अनमोल खरब को 21-14, 21-13 से हराया। अगले दौर में उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की पुत्रि कुसुमा वारदानी से होगा। मिश्रित युगल में सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वारियाथ की जोड़ी ने अल्जीरिया के तनीना और कोसिला मामेरी को 21-15, 22-20 से हराया। अब वे अगले दौर में चीनी ताइपे की कुआंग हेंग लियू और यू चिएह झेंग की जोड़ी से भिड़ेंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस ने सरे के साथ किया करार

▸ महिला विटालिटी ब्लास्ट में खेलेंगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ग्रेस हैरिस ने इंग्लैंड में होने वाले उद्घाटन महिला विटालिटी ब्लास्ट के लिए सरे के साथ करार किया है। 62 बार अपनी राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकीं हैरिस, सरे महिला टीम की पहली विदेशी खिलाड़ी बनी हैं। यह इंग्लैंड और वेल्स में महिला काउंटी क्रिकेट के नए पेशेवर युग में किसी भी टीम की पहली अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का करार भी है।

महिला विटालिटी ब्लास्ट 2025 पहली बार पुरुष और महिला दोनों काउंटियों को एक साथ पेश करेगा। हैरिस सरे की ओर से 5



जून को हैंपशायर हॉक्स के खिलाफ द किआ ओवल में अपना पहला मैच खेलेंगी, जो पुरुषों की टीम के मुकाबले के साथ डबल-हेडर होगा। ग्रेस हैरिस अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और चतुराई भरी ऑफ स्पिन गेंदबाजी के लिए जानी जाती हैं। वे दुनिया भर की कई फ्रेंचाइजी लीग्स में खेल चुकी हैं। उन्होंने अपने घरेलू क्लब ब्रिसबेन हीट के लिए महिला बिग बैश लीग में शानदार प्रदर्शन किया है। हाल ही में, उन्होंने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में यूपी वॉरियर्ज के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक रन बनाए थे। इसके अलावा, वह द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट का भी हिस्सा हैं।

हैरिस ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ हुई महिला एशेज टी20क सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया था, जिसमें उनकी टीम ने इंग्लैंड को 16-0 से हराया था। ग्रेस हैरिस ने अपनी नई टीम के साथ जुड़ने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, मैं सरे टीम के साथ किआ ओवल में खेलने के लिए उत्साहित हूं। क्लब ने महिला क्रिकेट को लेकर मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है और टीम ने पूरे सर्दियों में कड़ी तैयारी की है। मैं इस टीम के लिए अपना योगदान देने और इस मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए तैयार हूं। सरे की डायरेक्टर ऑफ विमेंस क्रिकेट, एम्मा कैल्वर्ट ने कहा, हम बेहद रोमांचित हैं कि ग्रेस हमारी नव-व्यावसायिक सरे महिला टीम की पहली विदेशी खिलाड़ी बनी हैं। उनके पास अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट का बेहतरीन अनुभव है, जो हमारी टीम के लिए मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह फायदेमंद होगा। वह उसी शैली की क्रिकेट खेलती हैं, जिसे हम अपनाना चाहते हैं और हम उन्हें तीन पंखों के साथ मैदान में देखने के लिए उत्सुक हैं।₹

सरे महिला टीम महिला विटालिटी ब्लास्ट के शीर्ष स्तर की आठ टीमों में शामिल होगी। ये सभी टीमें होम और अवे फॉर्मेट में 14 ग्रुप स्टेज मुकाबले खेलेंगी। शीर्ष तीन टीमें 27 जुलाई को किआ ओवल में होने वाले फाइनल्स डे में जगह बनाएंगी।



मियामी ओपन टेनिस में ऑस्ट्रेलिया के निक किरग्योस फोरहैंड शॉट लगाते हुए।

# जीवन का उत्सव कैसे मनाएं?

**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

जीवन को आनंदमय बनाने के लिए हमें उसे एक व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा। प्राय: कई लोग हमसे यह पूछते हैं, गुरुदेव,मेरे जीवन का उद्देश्य क्या है? मुझे क्या चाहिए? मैं कहाँ जा रहा हूँ?

आप शिक्षा प्राप्त करते हैं, नौकरी करते हैं, पैसे कमाते हैं, लेकिन फिर प्रश्न आता है -अब आगे क्या? यह प्रश्न उठना अच्छा है क्योंकि यही हमें जीवन के गहरे अर्थ को खोजने के लिए प्रेरित करता है। जब हम जीवन को एक विशाल संदर्भ में देखते हैं, तो छोटे -छोटे कारणों को लेकर परेशान नहीं होते। अन्यथा, कोई कुछ कह दे, तो हम दुखी हो जाते हैं।

आज, मानसिक स्वास्थ्य एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) के अनुसार, प्रत्येक चार में से एक व्यक्ति अवसाद (डिप्रेशन) से ग्रस्त है। प्रत्येक 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या कर रहा है। इससे समाज को बचाने के लिए जीवन के प्रति एक विशाल दृष्टिकोण देना आवश्यक है।

### हम सबको प्रकाश-स्तंभ बनना चाहिए

गुरु का कार्य है प्रकाश फैलाना। आप सब इस दुनिया में एक प्रकाश-स्तंभ बनें। जहाँ अंधकार है, वहाँ प्रकाश फैलाएँ। क्या आप हर किसी के जीवन में आनंद और प्रेम का स्रोत बनना चाहेंगे? यदि आप यह सोचते हैं कि मैं यहाँ केवल लेने के लिए नहीं, बल्कि समाज को कुछ देने के लिए भी हूँ, तो आपका दृष्टिकोण और भी विस्तृत हो जाएगा।

यदि आप केवल यह ही सोचते रहे, मेरा क्या होगा? मेरे साथ क्या होने वाला है? तो आप चिंता में डूबते जाएँगे। परंतु जब आप जीवन को व्यापक दृष्टिकोण से देखते हैं और सेवा की भावना रखते हैं, तो चिंता गायब हो जाती है। खुशी केवल पाने से नहीं, बल्कि देने से भी मिलती है।



आपने देखा होगा, जब भी आप अपने घर पर अपनी दादी माँ के पास जाते हैं, तो वे आपको खिलाने में ही आनंद का अनुभव करती हैं। अगर घर में सब लोग देने की भावना से कार्य करें, तो वहाँ कभी भी विवाद नहीं होगा। यह बहुत आवश्यक है कि हम लेने की जगह देने की आदत डालें।

### तनाव मुक्त जीवन ही सच्ची खुशी का स्रोत है

तनावग्रस्त व्यक्ति न तो हास्य का आनंद ले सकता है, न ही किसी परिहास को समझ सकता है। क्या आपने कभी ऐसा व्यक्ति देखा है जो बहुत तनाव में है, उसकी यदि कोई प्रशंसा भी करे,तो भी वह उसे व्यंग्य ही समझता है? यदि हम तनाव मुक्त हों, तो हम आलोचनाओं को भी हास्य में बदल सकते हैं। यदि कोई हमें अपमानित करे, तो हमें क्रोधित होने की बजाय, इसे एक उपहास की तरह लेना चाहिए। क्रोध वह दंड है जो हम स्वयं को दूसरों की गलती के लिए देते हैं। जब हम गुस्से में होते हैं, तो हमारा रक्तचाप बढ़ता है, हृदयगति बढ़ जाती है, और हमारी ऊर्जा नष्ट होती है।

ध्यान और प्राणायाम से जुड़कर हम मानसिक रूप से मजबूत, प्रेमपूर्ण और जीवन में प्रसन्न रहने की कला सीखते हैं। हम सब एक ही मानव परिवार का हिस्सा हैं। हमारी पूजा पद्धतियाँ अलग हो सकती हैं, भोजन और भाषाएँ भिन्न हो सकती हैं, लेकिन हम सभी एक ही वैश्विक परिवार का अंग हैं।

आप सभी को ध्यान और श्वास तकनीकों को अपनाना चाहिए। जो लोग समाज की सेवा करना चाहते हैं, उनके लिए आर्ट ऑफ लिविंग एक सुदृढ़ मंच है इससे जुड़कर आप पूर्ण रूप से सांसारिक और आध्यात्मिक जीवन का आनंद उठा सकते हैं।

संपूर्ण मानवता को एक परिवार के रूप में देखकर हम सब जीवन को एक उत्सव बनाएँ! हमारा जीवन अनमोल है, जीवन को एक सच्चे उत्सव की तरह जीने के लिए हमें इसे एक नई दृष्टि से देखना होगा।

# शनि अमावस्या पर क्या करें क्या नहीं

हिंदू धर्म में अमावस्या की तिथि बड़ी पावन और विशेष मानी गई है। अमावस्या का दिन पितरों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। साल में 12 अमावस्या पड़ती है। जो अमावस्या शनिवार को पड़ती है, उसको शनि या शनिश्चरी अमावस्या कहते हैं। इस दिन शनि देव की पूजा का विधान हिंदू धर्म शास्त्रों में है। शनि अमावस्या का दिन शनि देव के पूजन के लिए सबसे अच्छा और शुभ माना जाता है।



### धार्मिक मान्यताओं के अनुसार

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शनि अमावस्या के दिन सच्चे भक्ति भाव से शनि देव का पूजन करने पर जीवन की परेशानियों से मुक्ति मिल जाती है। जीवन की बाधाएं दूर होती है। पृत और ग्रह दोषों से भी मुक्ति मिल जाती है। हिंदू धर्म शास्त्रों में शनि अमावस्या के दिन शनि देव के पूजन के साथ ही कुछ नियमों का पालन करने के लिए भी कहा गया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस दिन क्या करना और क्या नहीं करना चाहिए।

### कब है शनि अमावस्या?

इस साल शनि अमावस्या 29 मार्च को मनाई जाएगी। ये चैत्र माह की अमावस्या होगी। इस दिन साल का पहला सूर्य ग्रहण होगा। इसी दिन शनि देव कुंभ से मीन राशि में जाएंगे। चैत्र माह की अमावस्या तिथि की शुरुआत 28 मार्च को रात को 7 बजकर 55 मिनट पर होगी। वहीं इस तिथि का समापन 29 मार्च को शाम 4 बजकर 27 मिनट पर हो जाएगा। इसलिए उदया तिथि के अनुसार, शनि अमावस्या 29 मार्च रहेगी। ये इस साल की पहली शनि अमावस्या होगी। इस दिन शनि देव के समक्ष सरसों के तेल का दीपक जलाएं। उसमें काली उड़द की साबुत दाल, काले तिल और एक लोहे की कील डालें। इस दिन काले तिल, काले रंग का कंबल और काले रंग कपड़े गरीबों में दान करें। पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाकर सात बार उसकी परिक्रमा करें। शमि के पेड़ की पूजा करें। काले कुत्ते को सरसों का तेल लगी रोटी खिलाएं। गंगा स्नान करें।

### क्या न करें

शनि अमावस्या के दिन मांसाहार और शराब का सेवन करने से बचें। बड़ों और पूर्वजों का अनादर न करें। इस दिन गाय, कुत्ते और कौवे को कष्ट न दें। ऐसा करना अच्छा नहीं माना जाता। बाल, दाढ़ी, और नाखून न काटें। इससे ग्रह दोष लग सकता है। किसी तरह का विवाद न करें। लोहे का सामान और शनि से जुड़ी वस्तुएं न खरीदें।

# कांसे के बर्तन में पानी पीने के लिए क्यों कहती है दादी-नानी?

भारतीय संस्कृति में कई परंपराएं और आदतें हैं, जिनका वैज्ञानिक और स्वास्थ्य के नजरिए से भी फायदेमंद है। एक ऐसी परंपरा जो समय-समय पर चली आ रही है, वह है सोने से पहले कांसे के बर्तन में पानी रखना। यह प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा है, जिसे लोग अपनी सेहत को बेहतर बनाने के लिए अपनाते हैं।

अक्सर दादी-नानी भी कांसे के बर्तन में पानी पीने की सलाह इसलिए देती हैं क्योंकि कांसा या पीतल पारंपरिक रूप से स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माना जाता है। यह धातु प्राकृतिक रूप से बैक्टीरिया और कीटाणुओं से मुक्त होती है, जिससे शरीर को अंदर से कई फायदे मिलते हैं। आइए जानते हैं कि सोने से पहले कांसे के बर्तन में पानी रखने के फायदे क्या हो सकते हैं।

### पानी में ताजगी और शुद्धता

कांसा एक ऐसी धातु है, जो पानी को स्वच्छ और शुद्ध रखने में मदद करती है। कांसे के बर्तन में रखा हुआ पानी पीने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और यह पानी लंबे समय तक ताजगी बनाए रखता है। आयुर्वेद के अनुसार, कांसा पानी के साथ संपर्क करने पर उसमें गुणात्मक बदलाव आते हैं, जिससे यह पानी शरीर के लिए अधिक लाभकारी बनता है।

### शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाना

कांसा में तांबा और जिंक जैसे खनिज तत्व होते हैं, जो शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद करते हैं। तांबा और जिंक दोनों ही एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुणों से भरपूर होते हैं। सोने से पहले कांसे के बर्तन में पानी रखने से शरीर में इन खनिजों का अवशोषण होता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाते हैं और शरीर को रोगों से बचाते हैं।

### पाचन शक्ति में सुधार

कांसा पानी को बेहतर तरीके से अवशोषित करता है, जिससे शरीर में पाचन संबंधी समस्याओं में सुधार हो सकता है। आयुर्वेद में कहा जाता है कि कांसा पानी पीने से शरीर में 'आग्नि' यानी पाचन शक्ति को संतुलित रखने में मदद मिलती है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है जिनको पाचन संबंधी समस्याएँ होती हैं जैसे गैस, बदहजमी या एसिडिटी।

### रक्त संचार में सुधार

कांसा रक्त के प्रवाह को बेहतर करने में भी मदद करता है। इससे रक्त संचार में सुधार होता है और शरीर के विभिन्न अंगों में ऑक्सीजन का प्रवाह अधिक कुशलता से होता है। कांसा पानी पीने से रक्त में ताजगी आती है और शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है।

### मानसिक शांति और तनाव में कमी

कांसा एक ऐसी धातु मानी जाती है, जो मानसिक शांति को बढ़ावा देती है।

# सभी पापों से मुक्ति पाना चाहते हैं, तो जरूर रखें इस एकादशी का व्रत

**ऐसा कहा जाता है कि इस व्रत के प्रभाव से राजा के सभी पाप समाप्त हो गए और उनका राज्य पुन: स्थापित हो गया। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इस एकादशी की महिमा के बारे में बताया और कहा था कि इस व्रत के पुण्य प्रताप से सभी पाप समाप्त हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने सभी जाने-अनजाने में किए गए पापों को धोना चाहते हैं और खुशहाल जीवन पाना चाहते हैं, तो पापमोचनी एकादशी का व्रत जरूर रखें।**

पापमोचनी एकादशी होली के बाद और चैत्र नवरात्रि से पहले आती है, जो कि हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण तिथि मानी गई है। यह हिंदू पंचांग की आखिरी एकादशी होती है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में किए गए पापों से मुक्ति मिल सकती है। हर साल चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को पापमोचनी एकादशी के नाम से जाता है। धार्मिक मान्यता है कि पापमोचनी एकादशी के दिन व्रत रखने और सच्चे मन से प्रायश्चित करने से गंभीर से गंभीर पाप नष्ट हो जाते हैं।



### पापमोचनी एकादशी शुभ मुहूर्त 2025

पापमोचनी एकादशी का व्रत - 25 मार्च 2025 (मंगलवार)

एकादशी तिथि शुरू- 25 मार्च को सुबह 5.05 बजे

एकादशी तिथि समाप्त- 26 मार्च को सुबह 3.45 बजे

पूजा का शुभ समय- 25 मार्च को सुबह 9.22 बजे से दोपहर 1.57 बजे तक।

पापमोचनी एकादशी व्रत पारण टाइम- 26 मार्च 2025 दोपहर 1.39 बजे से 4.06 बजे तक।

### पापमोचनी एकादशी व्रत के नियम

ऐसी मान्यता है कि पापमोचनी एकादशी के दिन व्रत करने से पितरों को मोक्ष मिलता है और पूर्वजन्म के पापों का प्रभाव कम होता है।

धार्मिक मान्यता है कि पापमोचनी एकादशी के दिन विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना चाहिए और तुलसी के पत्ते अर्पित करने चाहिए।

पापमोचनी एकादशी के दिन भोजन, वस्त्र और जरूरतमंदों की मदद करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और श्रीहरि प्रसन्न होते हैं।

अगर आप एकादशी का व्रत नहीं रख रहे हैं, तो भी इस दिन हल्का और सात्विक भोजन करना चाहिए।

### पापमोचनी एकादशी का महत्व

पौराणिक मान्यता है कि पापमोचनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु ने दानव 'पाप' का विनाश किया था, जिससे उनके अनुयायी पापों के भार से मुक्त हो सकें। पद्म पुराण के अनुसार, राजा मंदाता अपने पापों के कारण बहुत दुखी थे और उन्हें ऋषि वशिष्ठ ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने राजा मंदाता को पापमोचनी एकादशी का व्रत रखने की सलाह दी।

ऐसा कहा जाता है कि इस व्रत के प्रभाव से राजा के सभी पाप समाप्त हो गए और उनका राज्य पुन: स्थापित हो गया। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इस एकादशी की महिमा के बारे में बताया और कहा था कि इस व्रत के पुण्य प्रताप से सभी पाप समाप्त हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने सभी जाने-अनजाने में किए गए पापों को धोना चाहते हैं और खुशहाल जीवन पाना चाहते हैं, तो पापमोचनी एकादशी का व्रत जरूर रखें।

# शीतला सप्तमी आज, जानें शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और उपाय

**शीतला सप्तमी एक हिंदू त्योहार है जो शीतला माता को समर्पित है। यह त्योहार होली के बाद चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। शीतला माता को स्वच्छता और स्वास्थ्य की देवी के रूप में पूजा जाता है।**




शीतला सप्तमी का त्योहार हिंदू धर्म में बहुत महत्व रखता है। यह त्योहार शीतला माता को समर्पित है, जिन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य की देवी के रूप में पूजा जाता है। शीतला सप्तमी होली के बाद चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन, भक्त शीतला माता की पूजा करते हैं और उन्हें ठंडा भोजन अर्पित करते हैं। आइए जानते हैं इस दिन किस शुभ मुहूर्त में शीतला माता की पूजा करें और इस दिन कौन से उपाय किए जाते हैं।

### कब है शीतला सप्तमी का व्रत?

पंचांग के अनुसार, इस साल चैत्र महीने की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि की शुरुआत 21 मार्च को सुबह 2 बजकर 45 मिनट पर शुरू हो जाएगी। फिर इस तिथि का समापन अगले दिन 22 मार्च को सुबह 4 बजकर 23 मिनट पर हो जाएगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, शीतला सप्तमी का व्रत 21 मार्च को रखा जाएगा।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

शीतला सप्तमी की पूजा का शुभ मुहूर्त 21 मार्च को सुबह 6 बजकर 16 मिनट पर शुरू हो जाएगा। ये शुभ मुहूर्त शाम को 6 बजकर 26 मिनट तक रहेगा।

### शीतला सप्तमी पूजा विधि

शीतला सप्तमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें।स्वच्छ वस्त्र पहनें और शीतला माता की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। फिर माता को जल, हल्दी, चंदन, सिंदूर और फूल अर्पित करें। ठंडा भोजन, जैसे कि चावल, दही और मिठाई का भोग लगाएं। शीतला माता की कथा सुनें और आरती करें। सबसे आखिर में परिवार और दोस्तों के साथ प्रसाद बांटें।

### शीतला सप्तमी के उपाय

शीतला माता की पूजा करने से बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सकता है। इस दिन दान करना भी बहुत शुभ माना जाता है। शीतला सप्तमी के दिन ठंडा भोजन खाने से शरीर को ठंडक मिलती है और बीमारियों से बचाव होता है। शीतला माता की पूजा करते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। माता शीतला की पूजा करते समय 'ॐ ह्रीं श्रीं शीतलायै नम:' मंत्र का जाप करना चाहिए।

### शीतला सप्तमी का महत्व

शीतला माता को चेचक, खसरा और अन्य संक्रामक रोगों से बचाने वाली देवी माना जाता है। इस दिन उनकी पूजा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है और स्वास्थ्य अच्छा रहता है। शीतला सप्तमी एक प्राचीन त्योहार है जो भारतीय संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। यह त्योहार हमें स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व की याद दिलाता है। शीतला सप्तमी के दिन परिवार के सभी सदस्य एक साथ मिलकर पूजा करते हैं और भोजन करते हैं। यह त्योहार परिवार के सदस्यों के बीच एकता और प्रेम को बढ़ाता है।

# किन लोगों को धारण करना चाहिए पन्ना रत्न, नियम और फायदे!

**पन्ना रत्न ज्योतिष शास्त्र में विशेष रूप से बताए गए नौ रत्नों में से एक है। पन्ना रत्न ग्रहों के राजकुमार बुध से संबंधित है। ऐसे में आइए जानते कि किन लोगों को पन्ना रत्न धारण करना चाहिए। किन लोगों को इसे धारण करने से बचना चाहिए। इसे धारण करने के नियम और फायदें क्या हैं।**

ज्योतिष शास्त्र में नौ रत्नों का विशेष से रूप उल्लेख मिलता है। ज्योतिष शास्त्र में इन रत्नों को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि इन रत्नों का सबंध किसी ग्रह से होता है। आज हम आपको पन्ना रत्न के बारे में बताने जा रहे हैं। इसका संबंध बुध ग्रह से बताया गया है। पन्ना रत्न हरे रंग का होता है। मान्यता है कि इसे धारण करने से कारोबार और करियर में मनचाही सफलता मिलती है। हालांकि ज्योतिषार्य कहते हैं कि इसे धारण करने से पहले ये जानकारी अवशय ले लेनी चाहिए कि जन्म कुंडली में ग्रह किस स्थिति में हैं। साथ ही इसे ज्योतिषी की सलाह से ही धारण करना चाहिए। ऐसे में आइए जानते हैं कि पन्ना कौन लोग धारण कर सकते हैं। इसे धारण करने के नियम और फायदें क्या हैं।



### किन लोगों को धारण करना चाहिए पन्ना रत्न

ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर और कुंभ राशि के जातक पन्ना रत्न धारण कर सकते हैं। इन सभी राशि वालों को पन्ना रत्न शुभ परिणाम दे सकता है। इन राशियों के अलावा वो लोग जिनकी राशि कन्या है वो भी इस रत्न को धारण कर सकते हैं। रत्न शास्त्र में बताया गया है कि जिन लोगों पर बुध की महादशा या फिर अंतरदशा चालू है वो भी पन्ना रत्न धारण कर सकते हैं।

### किनको नहीं धारण करना चाहिए

रत्न शास्त्र में बताया गया है कि पन्ना रत्न किन लोगों को धारण नहीं करना चाहिए। रत्न शास्त्र के अनुसार, ऐसे लोगों को जिनकी कुंडली में बुध तीसरे, छठे, आठवें और 12 स्थान में होता है, उनको पन्ना रत्न धारण नहीं करना चाहिए। यही नहीं जिन लोगों को पन्ना सूट नहीं करता, उन्हें भी इसे धारण करने से बचना चाहिए नहीं तो आर्थिक हानि और मानसिक तनाव हो सकता है।

### पन्न रत्न धारण करने के नियम

सोने या चांदी की अंगूठी में पन्ना रत्न धारण करें। रत्न शास्त्र के अनुसार, इस रत्न को कनिष्ठा यानी हाथ की सबसे छोटी उंगली में धारण करें। कम से कम दो रत्ती का पन्ना रत्न धारण करें। रत्न को धारण करने से एक रात पहले गंगाजल, शहद, मिश्री और दूध का मिश्रण बनाएं और उसको इस मिश्रण में डुबोकर रख दें। रत्न धारण करने से पहले बुध के ऊं बुं बुधाय नम: मंत्र का 108 जाप करें।

### पन्न रत्न धारण करने के फायदे

पन्ना रत्न को धारण करने से आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। मां बेटे के संबंधों में मजबूती आती है। तर्कशक्ति मजबूत होती है। स्किन से संबंधित परेशानियां दूर होती हैं।

# पारदर्शिता से सम्मान

एक देवालय में भक्ति संगीत का कार्यक्रम चल रहा था। समारोह में श्रोता और भक्तगण भजनों का रसपान कर रहे थे। बांसुरी वादक बांसुरी को होंठों से सटाकर स्वरों का निष्पादन कर रहा था, साथ में ढोलकिया ढोलक को दनादन पीटे जा रहा था। ढोलक को इस बात की गहरी कसक थी कि छिद्रों से भरी बांस की पोली बांसुरी का इतना मान-सम्मान कि उसे होंठों से चूमकर बजाने की रीत और हमारी अच्छी भली कद काठी, दिखने में सुरूप और बुलन्द आवाज का धनी होने पर भी हमें निरन्तर हाथों, गुल्लों व डंडियों से इस कदर पीटा जाता है, मानो पिटना ही हमारी नियति हो। प्रभु यह पक्षपात क्यों? ढोलक की बात सुनी तो बांसुरी बोली, 'हम दोनों एक ही समाज के अंग हैं। एक-दूसरे के पूरक हैं। तुम्हारी पिटाई और मेरी मान जड़ाई में भी एक बात छिपी हुई है।' ढोलक बोला, 'कौन सी बात भला?' बांसुरी ने उत्तर दिया, 'मेरी कोई चीज छुपी नहीं है और मेरे दोनों सिरे खुले हैं। बीच-बीच में छेद हैं। मेरे अंदर वायु का जो स्पंदन आता है, उसे मैं तत्क्षण बाहर फेंक देती हूं। मेरी पारदर्शिता व त्याग के कारण मुझे इतना स्नेह और अपनापा मिला है। तुम सब कुछ छुपाए हुए हो। लोगों को तुम्हारा यह छद्मवेश नहीं सुहाता। इसी से तुम्हारी पिटाई होती है।'

प्रस्तुति- राजकिशन नैन



# पंकज त्रिपाठी की बेटी आशी ने रंग डारो से किया डेब्यू, अभिनेता ने बताया खास पल

**पंकज त्रिपाठी की बेटी आशी त्रिपाठी अपने पहले म्यूजिक वीडियो रंग डारो के साथ डेब्यू कर चुकी हैं। अभिनेता ने कहा कि उनके और उनकी पत्नी मृदुला के लिए अपनी बेटी को स्क्रीन पर देखना एक खास पल है।**

पंकज त्रिपाठी की बेटी आशी त्रिपाठी अपने पहले म्यूजिक वीडियो रंग डारो के साथ डेब्यू कर चुकी हैं। अभिनेता ने कहा कि उनके और उनकी पत्नी मृदुला के लिए अपनी बेटी को स्क्रीन पर देखना एक खास पल है। बेटी के डेब्यू के बारे में पंकज त्रिपाठी ने कहा, आशी को स्क्रीन पर देखना हम दोनों के लिए एक भावनात्मक और गर्व का क्षण है। वह हमेशा से ही परफॉर्मिंग आर्ट्स को लेकर जुनूनी रही है और अपने पहले ही प्रोजेक्ट में शानदार काम करते देखना खास रहा। उन्होंने कहा, अगर यह उसका पहला कदम है, तो मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि उसका सफर उसे कहां ले जाता है। मैनाक भट्टाचार्य और संजना रामनारायण के गाए गए 'रंग दारो' को अभिनव आर कौशिक ने कंपोज किया है। यह एक सॉफ्ट, रोमांटिक गाना है, जो प्यार और कला के सार को खूबसूरती से दिखाता है। जब संगीतकार अभिनव आर. कौशिक ने वीडियो में आशी को शामिल करने के लिए मृदुला त्रिपाठी से संपर्क किया, तो उन्होंने पंकज से इस बारे में बात करने का फैसला किया और पंकज ने इस निर्णय का समर्थन किया। पंकज की पत्नी मृदुला त्रिपाठी ने कहा, जब अवसर आया, तो मैं यह सुनिश्चित करना चाहती थी कि आशी कुछ ऐसा करें जो उनकी कलात्मकता के अनुरूप हो। रंग डारो एक खूबसूरत प्रोजेक्ट है और उसे स्क्रीन पर भावनाओं को सजाते देखना हमारे लिए बेहद खास रहा। हम उसे आगे बढ़ते और इंडस्ट्री में अपना रास्ता बनाते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं। जार पिक्चर्स ने इस वीडियो को जारी किया है, जिसमें आशी एक पेंटर की भूमिका में है। आशी वर्तमान में मुंबई स्थित एक कॉलेज में अपनी पढ़ाई कर रही हैं। पंकज त्रिपाठी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह पिछली बार हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री 2' में नजर आए थे। फिल्म में पंकज त्रिपाठी के साथ राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना अहम भूमिकाओं में हैं। पंकज त्रिपाठी के पास निर्माता-निर्देशक अनुराग बसु की 'मेट्रो इन दिनों' है, जो 4 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म में आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल और फातिमा सना शेख भी हैं। 'मेट्रो इन दिनों' फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' का सीक्वल है, जो 2007 में रिलीज हुई थी।



# फिल्म तुमको मेरी कसम लड़कियों को बहुत पसंद आएगी

बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा ने बीते सालों में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। उन्होंने केरल स्टोरी से लेकर बस्तर तक में खुद को मजबूत एक्ट्रेस के तौर पर साबित किया है। अदा अपनी नई फिल्म तुमको मेरी कसम लेकर आ रही हैं। इसमें अनुपम खेर से लेकर ईशा देओल जैसी कास्ट हैं। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद से ही अदा की तारीफ हो रही है।

**फिल्म का ट्रेलर बहुत एक्साइटिंग हैं, फिर से आपका अलग और स्ट्रॉन्ग कैरेक्टर है, शूटिंग का एक्सपीरियंस बताएं**

विक्रम भट्ट के साथ 1920 के बाद काम कर रही हूं। उन्होंने मुझे मेरी पहली फिल्म दी। उस वक्त मैंने कुछ काम नहीं किया था। उन्होंने मुझपर भरोसा दिखाया। एक्टिंग पर उंगली नहीं उठाई उन्होंने मेरी। ना मैं किसी की रिलेटेड हूं बॉलीवुड में। मामा, चाचा पापा मम्मी कोई नहीं है इंडस्ट्री में। तो उन्होंने मुझे एक्टिंग देखकर काम दिया। इस बार भी किरदार एकदम अलग है। इस बार भी कुछ ऐसा ही आने वाला है।

**फिल्म का टॉपिक सेंसेटिव है, क्या लगता है समाज में किस तरह से जाएगी और लोग इसे कैसे लेंगे**


केरल स्टोरी में भी जो टॉपिक था, लोग कहते थे ऐसा हो ही नहीं रहा है। बस्तर के बारे में भी लोगों को पता ही नहीं था। जो भी फिल्म देखेगा उनको मर्दानगी का अलग मतलब देखने को मिलेगा। लड़कियों को बहुत ज्यादा पसंद आएगी फिल्म। लड़के और लड़की के लिए बराबर ही है फिल्म।

**आज के सिनेमा की बात करें तो बॉक्स ऑफिस नंबर मायने रखते हैं, कमाई को लेकर एक्टर्स को आंकते हैं, आप इसे कैसे देखती हैं**

बॉक्स ऑफिस नंबर बहुत मुश्किल है बताना। केरल स्टोरी में छोटी स्टारकास्ट थी लेकिन चली फिल्म। बड़े स्टार्स की फिल्में भी पिट रही हैं। लोग तंग आ गए हैं फिल्मों से। आप अच्छा काम नहीं कर रहे हैं तो लोगों को देखना ही नहीं है। आप अच्छा देंगे तभी फायदा मिलेगा। केरल स्टोरी 350 करोड़ कमाई तब लोग बोले कि कितनी अच्छी फिल्म है। मुझे लोगों से बहुत प्यार मिलता है जो मैं करती हूं।

**फिल्म की स्टारकास्ट बहुत अच्छी है, ईशा देओल और अनुपम खेर के साथ काम करने का एक्सपीरियंस कैसा रहा**

दोनों बहुत अच्छे स्टार है। अनुपम खेर सबकुछ करते हैं। हर तरह के किरदार निभाते हैं। मुझे भी उनके जैसे ही काम करना है। उन्होंने केरल स्टोरी देखकर भी मेरी बहुत तारीफ की थी। मुझे भी ये करना अच्छा लगता है। जब कोई अच्छा काम करे तो उसकी तारीफ करनी चाहिए। ये खुलकर कहना अच्छा लगता है सबको। लोग दिल में बातें रखते हैं अपनी।



# सनी देओल की जाट के लिए रणदीप हुड्डा ने बढ़ाया वजन

अभिनेता रणदीप हुड्डा ने अपनी आगामी फिल्म जाट के लिए एक बार फिर से अपने हुनर को साबित किया है। एक क्रूर गैंगस्टर रणतुंगा की भूमिका निभाते हुए रणदीप ने खुद को पूरी तरह से किरदार में ढाल लिया है। उन्होंने मांसपेशियों का वजन बढ़ाया है और अपनी आवाज के उतार-चढ़ाव पर काम किया है, ताकि अपनी सबसे खतरनाक और भयंकर भूमिका को पर्दे पर उतार सकें।

**रणदीप ने बढ़ाया वजन**

अभिनेता ने आठ किलो वजन बढ़ाया, क्योंकि यह प्रोजेक्ट वीर सावरकर के ठीक बाद था, जहां उन्होंने भारी मात्रा में वजन कम किया था। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, रणदीप हर भूमिका को निभाने के लिए अपने अनोखी सोच के लिए जाने जाते हैं और जाट भी इससे अलग नहीं है। पहले दिन से ही वे रणतुंगा को एक वास्तविक रूप से भयावह खलनायक बनाने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने किरदार को एक रॉ लुक देने के लिए अपने बाल बढ़ाए और अधिक भयावह अवतार देने के लिए अपने शरीर पर काम किया।

**खतरनाक होगा जाट में रणदीप का किरदार**

आगे बताया गया कि विवरण पर रणदीप का ध्यान बेजोड़ है और वह सुनिश्चित करते हैं कि उनके प्रदर्शन का कोई भी पहलू नकली न लगे। चाहे वह सरबजीत हो, स्वतंत्र वीर सावरकर हो या अब जाट, रणदीप कभी भी किरदार पर मेहनत करने से पीछे नहीं हटते। अपने द्वारा निभाए जाने वाले किरदार में वह पूरी तरह से ढल जाते हैं और प्रशंसक उनके इसी अंदाज की प्रशंसा करते हैं। रणतुंगा के साथ वे रणदीप का एक ऐसा रूप देखने जा रहे हैं, अधिक खतरनाक और वास्तव में डरावना होगा।

**इस दिन रिलीज होगी फिल्म**

फिल्म का टीजर 6 दिसंबर को जारी किया गया था, जिसमें दर्शकों को एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म की झलक देखने को मिली। गोपीचंद मालिनेनी द्वारा निर्देशित जाट में विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसांड्रा जैसे कलाकारों ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं।

# अक्षय कुमार की भूत बंगला में शामिल हुए जिशु सेनगुप्ता

अक्षय कुमार ने अपने जन्मदिन पर हॉरर-कॉमेडी भूत बंगला की घोषणा करके अपने प्रशंसकों को खुश किया था। अभिनेता ने एक मोशन पोस्टर भी साझा किया था, जिसे दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। फिल्म के कलाकारों में तब्बू के शामिल होने से यह फिल्म और भी ज्यादा खास बन चुकी है। फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां सामने रही हैं। वहीं, अब इसमें एक और नए कलाकार की एंट्री हो गई है। प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला में अभिनेता जीशु सेनगुप्ता के रूप में नया नाम जुड़ गया है। बालाजी टेलीफिल्म्स ने शनिवार को जीशु सेनगुप्ता के जन्मदिन पर यह घोषणा की। जीशु सेनगुप्ता पहले से ही स्टार-स्टडेड कलाकारों में शामिल हो गए हैं जिनमें अक्षय कुमार, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव, मिथिला पालकर और वामिका गब्बी शामिल हैं।

**फिल्म का निर्माण**

भूत बंगला शोभा कपूर और एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स और कुमार के अपने प्रोडक्शन हाउस, केप ऑफ गुड फिल्म्स का प्रोडक्शन है। फिल्म का सह-निर्माता फारा शेख और वेदांत बाली है। कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है, जबकि पटकथा रोहन शंकर, अभिलाष नायर और प्रियदर्शन ने तैयार की है। शंकर ने भूत बंगला के लिए संवाद भी लिखे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए प्रियदर्शन ने पिछले साल कहा था, यह हॉरर-कॉमेडी स्पेस में एक नया चरण होगा। भूत बंगला पौराणिक कथाओं और काले जादू पर आधारित है। यह हमारे वेदों और यहां तक कि महाभारत से प्रेरित है, लेकिन काला जादू प्रमुख विषय है। यह एक मजेदार फिल्म है। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया था कि उनकी फिल्म की कहानी महमूद की इसी नाम की फिल्म से कोई समानता नहीं है।



# श्रीदेवी का किरदार निभाना चाहती हैं तमन्ना


**बॉलीवुड साउथ की फिल्मों में अपने अभिनय से सभी के दिलों में खास जगह बना चुकी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की एक खास दिली ख्वाहिश है। तमन्ना चाहती हैं कि वह बड़े पर्दे पर श्रीदेवी का किरदार निभाएं। दरअसल, तमन्ना को श्रीदेवी बेहद पसंद हैं और यही वजह है कि वह उनका किरदार निभाना चाहती हैं।**

तमन्ना की यह ख्वाहिश तब सामने आई है जब से बोनी कपूर ने श्रीदेवी की फिल्म मॉम के सीक्वल का एलान किया है। ओटीटी प्ले के अनुसार, खुशी कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह अपनी मां श्रीदेवी की बायोपिक को 100 साल बाद भी सही तरीके से नहीं कर पाएंगी। श्रीदेवी की आखिरी फिल्म मॉम एक रिवेंज-ड्रामा थी, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी थे। बहरहाल, यह फिल्म अभी जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। खुशी को श्रीदेवी की फिल्म में देखना चाहते हैं बोनी कथित तौर पर बोनी कपूर अपनी बेटी खुशी को मॉम के सीक्वल में देखना चाहते हैं। बोनी को लगता है कि खुशी इस किरदार के लिए बहुत अच्छी हैं। बोनी कपूर की बेटी और बॉलीवुड अभिनेत्री खुशी कपूर की फिल्म लवयापा हाल ही में रिलीज हुई थी, जिसमें आमिर खान के बेटे जुनैद खान ने डेब्यू किया था। उनकी दूसरी फिल्म नादानियांहै। इस फिल्म में खुशी के साथ सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने बॉलीवुड में कदम रखा।

**तमन्ना भाटिया की फिल्में**

तमन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कथित तौर पर रेंजर नाम की फिल्म में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति करेंगे। इस फिल्म में तमन्ना के अलावा अजय देवगन और संजय दत्त भी नजर आ सकते हैं। हालांकि इस फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।





# सुकुमार साथ काम करेंगे शाहरुख पॉलिटिकल ड्रामा बेस्ड होगी फिल्म

**शाहरुख खान ने हाल ही में साउथ फिल्म डायरेक्टर सुकुमार से मुलाकात की। जिसके बाद से यह खबर सामने आ रही है कि एक्टर की अगली फिल्म की कहानी पॉलिटिकल ड्रामा बेस्ड होगी। इस फिल्म को सुकुमार डायरेक्ट करेंगे।**

रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख और सुकुमार रूरल पॉलिटिकल एक्शन ड्रामा फिल्म में साथ काम करेंगे। इस फिल्म में शाहरुख खान एंटी हीरो का रोल प्ले करेंगे। यह फिल्म देसी टच वाली होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में शाहरुख खान की सुपरस्टार इमेज देखने को मिलेगी। फिल्म में जाति जैसे सामाजिक मुद्दों को भी दिखाया जाएगा। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी तक कुछ भी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। पहले खबर थी कि शाहरुख खान और सुकुमार इंटेंस और डार्क साइकोलॉजिकल थ्रिलर में साथ काम करेंगे।

**पहले किंग और 'पठान 2' पर काम करेंगे शाहरुख**

रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख खान पहले किंग और 'पठान 2' पर काम करेंगे। तो वहीं सुकुमार भी रामचरण के साथ अपनी अगली फिल्म RC-12 और पुष्पा- 3 में बिजी हैं। जिसके कारण शाहरुख और सुकुमार के प्रोजेक्ट को शुरू होने में काफी लंबा समय लगेगा।

**पहले भी साउथ डायरेक्टर्स के साथ काम कर चुके हैं**

इससे पहले भी शाहरुख खान साउथ के कई फिल्ममेकर्स के साथ काम कर चुके हैं। साल 1998 में शाहरुख ने डायरेक्टर मणिरत्नम के साथ फिल्म दिल से में काम किया था। इसके बाद साल 2000 में साउथ सुपरस्टार और डायरेक्टर कमल हासन की फिल्म हे राम में नजर आए थे। साल 2001 में संतोष शिवन की फिल्म अशोक में भी काम किया था। संतोष शिवन ने फिल्म दिल से में बतौर सिनेमेटोग्राफर काम किया था। इतना ही नहीं साल 2002 में एक्टर, तमिल फिल्म डायरेक्टर के. एस. अधियमन के निर्देशन में बनी फिल्म हम तुम्हारे हैं सनम में नजर आए। इस फिल्म में शाहरुख के साथ सलमान और माधुरी दीक्षित भी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। हालांकि, इन फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा अच्छा परफॉर्मेंस नहीं रहा।

# नादानियां की आलोचना पर करण जौहर ने तोड़ी चुप्पी

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म नादानियां से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। इस पूरे मामले पर हाल ही में फिल्म के निर्माता करण जौहर ने प्रतिक्रिया दी है। इब्राहिम अली खान को करण जौहर ने लॉन्च किया है। फिल्म नादानियां धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है।

**कुछ तो लोग कहेंगे**

करण जौहर आज मंगलवार को अपनी आगामी फिल्म अकाल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। यहां उनसे नादानियां को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने नादानियां की आलोचना पर कहा, मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना।



# मयूर विहार से सीधे महामाया फ्लाईओवर पर पहुंचेगा एलिवेटेड रोड

## नोएडा के प्रवेश द्वार पर लगने वाले जाम से मिलेगा छुटकारा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-14ए से प्रवेश करते ही महामाया फ्लाईओवर तक जाने वाले वाहन चालकों को लगने वाले भीषण जाम से बचाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने एलिवेटेड रोड का निर्माण शुरू कर दिया है। 5.589 किलोमीटर लम्बे इस एलिवेटेड रोड पर चढ़ने व उतरने के लिए पांच रैम्प/लूप बनाये जाएंगे।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ0 लोकेश एम0 द्वारा प्राधिकरण की महत्वपूर्ण एवं जनाकांक्षी परियोजना चिल्ला रेगुलेटर (मयूर विहार, दिल्ली) से महामाया फ्लाईओवर तक एलिवेटेड रोड परियोजना का कार्य प्रारम्भ किये जाने के लिए स्थल पर भूमि-पूजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान नौएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी महेन्द्र प्रसाद, उप महाप्रबन्धक (सिविल) विजय रावल, वरिष्ठ प्रबन्धक कपिल सिंह उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त परियोजना की कार्यदायी संस्था सेतु निगम के महाप्रबन्धक सन्दीप गुप्ता, सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबन्धक शशि भूषण एवं परियोजना के संविदाकार मै0 एम.जी. कॉन्ट्रैक्टर्स के प्रतिनिधि भूमि पूजन के दौरान उपस्थित रहे।

बता दें कि उक्त एलिवेटेड रोड का तकनीकी पर्यवेक्षण उ0प्र0 राज्य सेतु निगम द्वारा किया जायेगा तथा परियोजना का समग्र पर्यवेक्षण नौएडा



प्राधिकरण किया जायेगा। एलिवेटेड रोड का निर्माण 3 वर्षों के अंदर किया जाएगा और इस परियोजना की कुल लागत रु0 892.00 करोड़ है।

उक्त एलिवेटेड रोड कुल लम्बाई 5.589 किमी0 होगी, जिस पर चढ़ने-उतरने के लिए कुल पाँच रैम्प/लूप निर्मित किये जायेंगे। रैम्प 1: सैक्टर-14-15 से महामाया फ्लाईओवर की ओर जाने के लिए एलिवेटेड रोड पर चढ़ने हेतु, रैम्प 2: दिल्ली से आने वाला, ट्रैफिक सैक्टर-16 में उतरने के लिए निकासी रैम्प, रैम्प-3: सैक्टर-16 से महामाया फ्लाईओवर पर जाने के लिए प्रवेश रैम्प, रैम्प-4: महामाया फ्लाईओवर से आने वाला ट्रैफिक सैक्टर-16 पर डी0एन0डी0 पर जाने के लिए निकासी रैम्प तथा रैम्प-5= दिल्ली से आने वाले ट्रैफिक को सैक्टर-18 पर उतरने के लिए रैम्पों का निर्माण किया जाएगा। एलिवेटेड 3+3 अर्थात 6 लेन का होगा, जो कि शहदरा ड्रेन के Right Bank पर ड्रेन के समानान्तर निर्मित किया जायेगा।

नौएडा-ग्रेटर नौएडा एक्सप्रेस-वे पर सैक्टर-14ए प्रवेश द्वार से महामाया फ्लाईओवर तक भीषण ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए इस ऐलिवेटेड रोड का निर्माण किया जा रहा है। ऐलिवेटेड रोड के निर्माण के बाद दिल्ली के मयूर विहार फ्लाईओवर से प्रारम्भ होकर नौएडा-ग्रेटर नौएडा एक्सप्रेसवे पर सीधे महामाया फ्लाईओवर तक पहुँच सकेंगे।

ऐलिवेटेड रोड के निर्माणोपरान्त दिल्ली के मयूर विहार की ओर से नौएडा आने वाला यातायात निर्वाध गति से एक्सप्रेस-वे के माध्यम से ग्रेटर नौएडा एवं सैक्टर-37 की ओर, महामाया फ्लाईओवर से सीधे कालिन्दी कुंज एवं फरीदाबाद की ओर आवागमन कर सकेगा। इससे एक्सप्रेस-वे पर सैक्टर-14ए/15ए एवं फिल्म सिटी के समीप यातायात का दबाव कम हो सकेगा तथा यातायात जाम के कारण होने वाला वायु प्रदूषण भी कम होगा।

# एनएमआरसी के नॉन फेयर बॉक्स के राजस्व में 20 फीसदी की वृद्धि



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) के वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान नॉन फेयर बॉक्स (टिकट को छोड़कर) के जरिए 26.29 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है जो पूर्व वित्तीय वर्ष के मुकाबले 46 फीसदी अधिक होगा।

हाल ही में एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक डा. लोकेश एम ने समीक्षा के दौरान पाया कि नॉन फेयर बॉक्स के जरिए एनएमआरसी के राजस्व में 20 फीसदी वृद्धि हुई है।

पूर्व में यह रकम 15.05 करोड थी जो अब बढ़कर 17.94 करोड हो गई है।

इस उत्साहजनक परिणामों के बाद एनएमआरसी नये-नये टेंडर, क्योस्क व विज्ञापनों के जरिए अपनी आमदनी में 60 फीसदी वृद्धि के लिए कमर कस चुका है।

वहीं स्टेशनों पर क्योस्क योजना के जरिए नये उद्यमियों को स्टार्टअप के जरिए उद्यम के मौके दिए जा रहे हैं। इस कड़ी में 18 नये उद्यमियों को क्योस्क आवंटित किए गए हैं। ये क्योस्क अप्रैल 2025 में शुरू हो जाएंगे।

# क्लियरमेडी हॉस्पिटल में लगाया हेल्थ कैंप



**नोएडा ( चेतना मंच )।** क्लियरमेडी हॉस्पिटल, सेक्टर-104 में मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में नेत्र विज्ञान, आंतरिक चिकित्सा और हड्डी रोग सहित कई चिकित्सा विभागों की सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं।

इस स्वास्थ्य शिविर का नेतृत्व डॉ. स्वाति नागर संस्थापक केयर फॉर हेल्थ, फराज़ मिर्जा संस्थापक नयनतारा, अंशुमान- यूनिट हेड, क्लियरमेडी हॉस्पिटल, डॉ. ज़ीनत - आंतरिक चिकित्सा विशेषज्ञ, डॉ. विशाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, नैनतारा आई सेंटर और अक्यूविजन ने नेत्र विज्ञान विभाग का संचालन किया, जिसमें विशेष नेत्र परीक्षण, दृष्टि जांच और परामर्श की सेवाएँ प्रदान की गईं।

# ओएसडी ने सफाई कर्मचारियों को लगाई फटकार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश का रजत विहार सी ब्लॉक मे



स्वच्छता एवं सफाई के लिए औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी सफाई कर्मचारियों को खराब सफाई पर फटकार लगाई और नियमित अच्छी सफाई के लिए सुझाव और निर्देश दिया। प्राधिकरण द्वारा लंबित कार्यों को शीघ्र कराने का आश्वासन दिया।

आरडब्लूए अध्यक्ष अमित नागपाल ने इंदु प्रकाश को शाल पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर आरडब्लूए अध्यक्ष अमित नागपाल, महासचिव गोपाल शर्मा, ममता, संजीव गर्ग, सुभाष चौहान, रमेश गुप्ता, मुकेश सिंघल, उषा शर्मा, सुनीता, कुसुम उपस्थिति रही।

# छलेरा बांगर आरडब्लूए ने महेश चौहान को दी बधाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा नेता महेश चौहान को भारतीय जनता पार्टी द्वारा नोएडा महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर ग्राम छलेरा बांगर सेक्टर-44 के निवासियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद दिया गया।

छलेरा बांगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने इस मौके पर महेश चौहान को गुलदस्ता भेंट करके उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चितरंजन लाल शर्मा, रवि चौहान, सोनू चौहान, सतीश प्रजापति, हरेंद्र चौहान, राजेंद्र चौहान, सोनू सैनी, रोहित चौहान, हरेंद्र चौहान, अशोक शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सीडी रेशो में वृद्धि करें बैंकर्स : डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं भारत सरकार व प्रदेश सरकार के सौजन्य से संचालित की जा रही विभिन्न ऋण योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से कलैक्ट्रेट के सभागार में जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बैंकर्स की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुये डीएम ने कहा कि जनपद की आर्थिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाने में जनपद के सभी बैंकर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं के अंतर्गत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उन्हें जो आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं, उनमें तत्परता के साथ निर्णय लेते हुए पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराएं ताकि सभी पात्र लाभार्थी जनपद की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता दर्ज करा सकें।

जिला अधिकारी ने समीक्षा करते हुए पाया कि जनपद का सीडी रेशों गत तिमाही 60.56 प्रतिशत रहा, जिसके लिए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि कई बैंक ब्रान्चों का सीडी रेशों बहुत कम आ रहा है। इस संबंध में उन्होंने कड़े निर्देश दिए हैं कि जिन बैंकर्स का सीडी रेशों कम है उनके संबंध में उनके रीजनल मैनेजर को जिला प्रशासन की ओर से पत्र भेजा



जाए। साथ ही बैंकर्स को निर्देशित किया कि सभी बैंकर्स सीडी रेशों में वृद्धि करने को लेकर अपने विशेष प्रयास सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उन्होंने फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना एवं ओडीओपी योजना में भी सभी बैंकर्स के द्वारा लंबित प्रकरणों को तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआर पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निर्धारित समय अवधि में शिकायतकर्ता से वार्ता कर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ल, अग्रणी जिला मुख्य प्रबंधक इन्दु जैसवाल, सभी बैंकर्स एवं अन्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पार्क में आवारा कुत्ते ने बुजुर्ग महिलाओं व बच्चे को काटा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-122 स्थित डी ब्लॉक पार्क में आवारा कुत्ते के हमले से 3



बुजुर्ग महिलाएं, 2 बच्चे और एक चौकीदार गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। RWA के अध्यक्ष उमेश शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि महिलाएं पार्क में टहल रही थीं और बच्चे खेल रहे थे, जब अचानक एक कुत्ता दौड़ता हुआ आया और जो सामने मिला, उस पर हमला कर दिया। जब तक कुछ स्थानीय लोग डंडे लेकर कुत्ते को भगाने आए, तब तक कई लोग घायल हो चुके थे।

सेक्टर 122 RWA के अध्यक्ष उमेश शर्मा ने नोएडा प्राधिकरण से तुरंत ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पार्क में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, गेट पर ऑटोमेटिक डोर क्लोजर लगाया जाए, जिससे आवारा कुत्ते पार्क में प्रवेश न कर सकें।

उन्होंने आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर भी जुर्माना लगाने की बात कही है। उन्होंने कहा की कुछ लोग फटी जींस पहनकर, हाथ में बिस्कुट लेकर कुत्तों को खिलाने का फैशन बना चुके हैं। इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए प्रशासन को ऐसे लोगों पर जुर्माना लगाना चाहिए। श्री शर्मा ने कबूतरों को दाना डालने पर भी प्रतिबंध लगाने की बात कही है।

घटना के बाद सेक्टर के निवासियों में आक्रोश है और वे जल्द से जल्द प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। आपको बतादें की नोएडा के अधिकतर सेक्टरों में आवारा कुत्तों का आतंक है। पहले भी कई बार आवारा कुत्तों द्वारा काटे जाने की ऐसी घटनाये सामने आ चुकी है।

